इंदौर
मंगलवार
17 नवंबर 2026
वर्ष- 22 • अंक 153

दोपहर दैनिक

सिटी ब्लास्ट

स्कैन करें, ई-पेपर पढ़ें

मूल्य 2 रुपए • पृष्ठ 12

निर्भीक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

epaper.cityblast.in

उत्तराखंड में 12 मौतें

पुल से पानी में गिरी बस, खाई में गिरी बोलेरो

शादी से लौट रहे 4 लोगों की भी मौत, दोनों हादसों में दो दर्जन घायल

देरादून ● एजेंसी

उत्तराखंड में दो बड़े सड़क हादसों में 12 लोगों की मौत हो गई। ऋषिकेश-बद्रीनाथ हाईवे पर एक बस पुल से करीब 100 मीटर नीचे पानी में गिर गई। इस हादसे में भी 8 लोगों की मौत हो गई। बस में लगभग 30 से 35 लोग सवार थे, जिनमें से 8 लोगों ने हादसे में जवान गंवा दी। वहीं, 18 लोग घायल हो गए।

उधर रुद्रप्रयाग में बोलेरो के



खाई में गिरने से 4 लोगों की जान चली गई। जबकि 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।ये सभी लोग एक विवाह समारोह में शामिल होने के बाद वापस अपने गांव लौट रहे थे।

मायरा भरकर लौट रहे थे 4 भाई-बहन, 3 की मौत

जयपुर के दूदू-मालपुरा हाईवे पर तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार चार भाई-बहनों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दो सगी बहनों दिव्या और किस्मत समेत उनके चचेरे भाई देशराज की मौत हो गई, जबकि 24 वर्षीय सिलोचना गंभीर रूप से घायल है। चारों भाई-बहन शादी में मायरा भरकर लौट रहे थे।



अमेरिका फिर ठप

अब बैंकिंग सेवाएं ध्वस्त

वॉशिंगटन.एजेंसी। अमेरिका में एक सप्ताह के अंदर तीसरी बड़ी टेक्निकल समस्या सामने आई है। अब अमेरिका के कई बड़े बैंकों के कस्टमर को अपने ऑनलाइन बैंकिंग अकाउंट को एक्सेस करने में परेशानी आ रही है। इसमें बैंक ऑफ अमेरिका, चेज, जेपी मॉर्गन, यूएस बैंक, वेल्स फार्गो, और जेला समेत कई नाम शामिल हैं। टेक्निकल बग की वजह से बैंकिंग सिस्टम में परेशानी सामने आई है। अमेरिका में एक सप्ताह के अंदर पहले माइक्रोसॉफ्ट में आउटेज हुआ। इसके बाद अमेरिका के एयरलाइंस की उड़ानों को कुछ समय के लिए रोक दिया था।

फिलीपींस में गुरुद्वारा पहुंचे मोदी, मत्था टेका

मनीला.एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फिलीपींस के मनीला पहुंचने के बाद आज मनीला स्थित गुरुद्वारा खालसा दीवान पहुंचे। उन्होंने यहां मत्था टेका, गुरुद्वारे में आयोजित अरदास



में हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री ने इसके साथ ही गुरुद्वारे के पुनर्निर्माण की आधारशिला भी रखी। उन्होंने इसके बाद सोशल मीडिया पर पोस्ट भी शेयर की।

आज तड़के मिलेंगे - प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प आज फिलीपींस में मुलाकात करेंगे। दोनों नेता आज राजधानी मनीला में क्वाड देशों की बैठक में शामिल होंगे। इस बीच, फिलीपींस में ट्रम्प के दौरे का विरोध भी शुरू हो गया है। मनीला में कई प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतरकर अमेरिकी नीतियों और ट्रम्प की यात्रा का विरोध कर रहे हैं।

शेयर बाजार, सोना-चांदी और रुपया चारों फ्रंट पर खुशखबरी से हर ओर बमबम

मंगलवार ● एजेंसी

आज शेयर बाजार, सोना-चांदी से लेकर रुपया तक हरियाली छा गई और चारों फ्रंट पर खुशखबरी से हर तरह बम-बम का माहौल रहा। शेयर बाजार में आज सेंसेक्स 200 अंक से ज्यादा चढ़कर खुला। वहीं निफ्टी भी 26000 के स्तर तक पहुंच गया। इसी तरह सोना-चांदी में जारी गिरावट पर ब्रेक लग गया। एक ओर जहां मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज यानी एमसीएक्स पर 4 दिसंबर की एक्पायरी वाली चांदी की कीमत अपने पिछले बंद 1,67,863 रुपये प्रति किलो से उछलकर 1,70,129 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई। तो वहीं 4 दिसंबर की एक्सपायरी वाले सोने का वायदा भाव भी पिछले बंद 1,34,539 की तुलना में तेजी लेकर 1,35,341 पर पहुंच गया। आज रुपया भी डॉलर के मुकाबले मजबूत रहा।

भारतीय करेंसी यूएस डॉलर के मुकाबले 93.72 पर खुली, जो सोमवार (16 नवंबर) के 93.92 के बंद भाव से 20 पैसे की बड़ी बढ़त देखने को मिली है।

ट्रेन, बस और घर में आग 4 बकरियां जिंदा जलीं

मंगलवार ● एजेंसी

तेलंगाना के चार्लापल्ली रेलवे स्टेशन पर एक ट्रेन के सात कोचों में आग लग गई। गनीमत ये रही कि ट्रेन स्टेशन पर खाली खड़ी थी, जिसके चलते हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। उधर नागपुर में चलती बस में आग लग गई। गनीमत रही कि बस में सवार यात्री सुरक्षित बच गए। बिहार के बांका जिले के शंभूगंज प्रखंड स्थित शोभनाथपुर गांव में पटाखे की चिंगारी से एक घर में भीषण आग लग गई। इस हादसे में घर में बंधी चार बकरियों की जलकर मौत हो गई, जबकि कपड़े, बर्तन, अनाज और पांच हजार रुपये नकद समेत लाखों की संपत्ति राख हो गई।

763 का एक आम

कोल्हापुर.एजेंसी। महाराष्ट्र के कोल्हापुर में रत्नागिरी हापूस आम की 6 दर्जन पेटियों की नीलामी हुई। ये पेटियां 55000 रुपए में बिकी। यानी कि एक आम 763 रुपए में बिका।

1000 हवाई जहाज और खरीदेगी भारत की विमान कंपनियां

मंगलवार.एजेंसी। भारत में हवाई यात्रियों की बढ़ती संख्या के बीच अब विमानों की कमी बड़ी चुनौती बन रही है। देश की प्रमुख एयरलाइन कंपनियां पहले ही 1,200 से ज्यादा विमानों का ऑर्डर दे चुकी हैं, लेकिन जरूरत 2,000 से अधिक विमानों की है। ऐसे में कंपनियां 1,000 और विमान खरीदने की तैयारी में हैं।

40 बाउंसरों के बीच आया 70 इंच का सफेद घोड़ा हुई नोटों की बारिश

पुष्कर ● एजेंसी

अंतरराष्ट्रीय पुष्कर मेले में छह वर्षीय नुगरा नस्ल के



सफेद घोड़े 'बादल' की शाही एंट्री चर्चा का विषय बन गई। 70 इंच ऊंचे बादल के साथ 30 से 40 निजी बाउंसरों का सुरक्षा घेरा नजर आया। ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच करीब एक किलोमीटर लंबा जुलूस निकाला गया। इस दौरान अश्व प्रेमियों ने घोड़े के स्वागत में जमकर नोट उड़ाए। जुलूस में बादल के आगे दूसरे घोड़े भी नाचते हुए चल रहे थे। उसकी शानदार कद-काठी और शाही अंदाज देखने के लिए मेले में लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

ट्रंप के अफसरों पर डर्टी बम हमला

वॉशिंगटन.एजेंसी। अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने आशंका जताई है कि ट्रंप प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों पर ईरान डर्टी बम या रासायनिक हथियार से हमला कर सकता है। इस खबर के बाद अमेरिका में सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

हंगामा, तोड़ी कुर्सियां

नालंदा.एजेंसी। बिहार के नालंदा में बीती रात भोजपुरी चर्चित कलाकार खेसारी लाल यादव के कार्यक्रम में अचानक हंगामा हो गया और भगदड़ मच गई। गुस्साए दर्शकों ने दर्जनों कुर्सियां तोड़ दीं।

मजिस्ट्रेट की गाड़ी फूंकी

बांसवाड़ा.एजेंसी। बांसवाड़ा जिले के छोटी सरवा क्षेत्र में सरपंच चुनाव का नतीजा घोषित होते ही उपद्रवियों ने जोनल मजिस्ट्रेट की गाड़ी को आग लगा दी।

मुख्यमंत्री के साथ विमान में भोपाल गए मंत्री- विधायक और अध्यक्ष



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल इंदौर आए थे और जब वे वापस भोपाल लौटे तो उनके साथ विमान में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा और विधायक रमेश मेंदोला भी भोपाल गए। इंदौर से भोपाल के मार्ग पर चार लोगों के बीच क्या राजनीतिक चर्चा हुई इसका रहस्य जानने की कोशिश भी भाजपाई कर रहे हैं। इस मामले में भाजपा नगर अध्यक्ष ने सोशल मीडिया पर लिखा कि यह यात्रा आत्मीय संवाद और सुखद स्मृतियों से परिपूर्ण रही।

विधायक ने दी 3 करोड़ के विकास की सौगात



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। आम्बेडकर नगरी महू विधायक उषा ठाकुर ने ग्राम पंचायत खुर्दा में 3 करोड़ की लागत से बनने वाले नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का विधिवत भूमि पूजन किया। इस सौगात के दौरान भाजपा नेता सुभाष महोदय, कंचनसिंह चौहान, पुंजलाल नेनामा, संजय मीणा एवं पदाधिकारी, सरपंच, भाजपा नेता-कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जिला कांग्रेस ने लगाई पंचायत स्तर पर चौपाल



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। इंदौर जिला कांग्रेस द्वारा लगातार ग्राम पंचायत स्तर पर चौपाल लगाई जा रही है। ग्राम पंचायत चौपाल में वोट चोरी के मुद्दे पर आम जनता एवं कार्यकर्ताओं से चर्चा की जा रही है साथ ही मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य किया जा रहा है एवं इंदौर जिले की सभी 333 ग्राम पंचायतों में पंच स्तर पर वार्ड अध्यक्ष की नियुक्तियां की जा रही है। पंच स्तर पर वार्ड अध्यक्ष की नियुक्तियां होना आने वाले समय में कांग्रेस के लिए मील का पत्थर साबित होगी। जिला कांग्रेस कमेटी लगातार माइक्रो लेवल पर संगठन को गढ़ने का कार्य कर रही है। पंच स्तर पर वार्ड अध्यक्ष की नियुक्ति होने का अर्थ यह होगा कि लगभग हर 100 से 150 वोटर के बीच कांग्रेस अपना अध्यक्ष नियुक्त कर रही है जिससे आने वाले समय में कांग्रेस को भारी लाभ होने की उम्मीद है।

कोचिंग सेंटर का शुभारंभ



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। प्रतियोगी परीक्षाओं में विद्यार्थियों को तैयारियां निःशुल्क मिले इसके लिए नमो कोचिंग सेंटर का शुभारंभ मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय, डॉ. विश्वरूप राय चौधरी ने किया। आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को इस कोचिंग में तराशने और उनके शैक्षणिक विकास का काम किया जाएगा। देव से महादेव वेलफेयर सोसायटी के माध्यम से पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियां करवाएंगे। इसके लिए एक एकेडमी से समझौता भी किया है। शैक्षणिक भाग एकेडमी देखेगी और संसाधन विजयवर्गीय जुटाएंगे। इसके लिए अभी तक 400 से अधिक आवेदन आए हैं। इनमें से नम्बरों के आधार पर 208 बच्चों का चयन भी किया है। सिद्धान्त जोशी ने भी उद्बोधन दिया।




वानखेड़े ने किया मिलन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े अपनी राजनीतिक जमीन आगर में दीपावली मिलन में मौजूद रहे। बड़ी संख्या में कांग्रेसी वहां मौजदू रहे।

ओवरब्रिज को लेकर कांग्रेस नेता ने साधा विधायक पर निशाना

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

4 सालों से पड़ा है ब्रिज अधूरा एक साल से काम है बंद, सड़क खुदी हुई है, अब खुली है नींद



जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सदाशिव यादव ने महू किशनगंज ओवरब्रिज को लेकर क्षेत्रीय विधायक उषा ठाकुर पर निशाना साधा और कहा कि पिछले 4 वर्षों से अधिक समय बीत जाने के बावजूद ओवरब्रिज का निर्माण कार्य अधूरा है और विगत एक वर्ष से काम पूरी तरह बंद पड़ा है। सड़क खुदी हुई है, आए दिन जाम की स्थिति बनती है और क्षेत्र की जनता लगातार परेशानियों का सामना कर रही है। अब जाकर विधायक उषा ठाकुर की नींद खुली है। कांग्रेस ने कई बार इस ब्रिज से लेकर महू विधानसभा के मुद्दों और समस्याओं को लेकर आवाज उठाई, विरोध प्रदर्शन भी किए, जिसे भाजपा और विधायक ने नौटंकी बताया था। अब जब कांग्रेस ने ब्रिज का मुद्दा उठाया तो खुद विधायक अधिकारियों को तलब कर साथ में ब्रिज का मौका निरीक्षण करने पहुंची। अब खुदी हुई सड़क पर डामरीकरण करवाने के साथ ही मार्च तक ओवरब्रिज का निर्माण पूर्ण करने की समय-सीमा विधायक उषा ठाकुर दे रही हैं। सदाशिव यादव ने कहा कि सबसे बड़ा पर्व दीपावली निकल चुका है और लोग परेशानी झेल चुके हैं अगर यही कार्य दिवाली के पूर्व करवा दिया जाता तो जनता परेशान नहीं होती। कांग्रेस के प्रदर्शन और चेतावनी के बाद अब विधायक का ध्यान आया और उन्होंने अधिकारियों के साथ दौरा किया। अभी दौरा कर आदेश दिए हैं, अगर समय-सीमा में काम नहीं हुआ तो कांग्रेस प्रदर्शन से भी पीछे नहीं हटेगी।

भाजपा नेता का वीडियो देखा गया

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

भाजपा नेता सुनील पुरोहित ने नर्मदा नदी के कालीसिंध में प्रवाह माँ नर्मदा कालीसिंध परियोजना के वीडियो को दो दिन में एक लाख उँचालीस हज़ार लोगों ने देखा। पुरोहित ने भाजपा सरकार की इस महत्वकांक्षी योजना से देवास जिले के किसानों को लाभ होगा, कल यह पानी सोनकच्छ पहुँचा।





सांसद-विधायक ने शुरू कराई कलारिया से झलारिया तक 10 ई-बस

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। केंद्र सरकार के सहयोग से इंदौर को 150 आधुनिक लोक परिवहन बसों की सौगात मिली है। इससे शहरी क्षेत्रों के साथ ग्रामीण अंचलों में भी सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था सुदृढ़ होगी। इसी कड़ी में सांसद शंकर लालवानी एवं विधायक मधु वर्मा ने कलारिया से झलारिया तक 10 ई-बसों का शुभारंभ हरी झंडी दिखाकर किया। सांसद-विधायक ने उद्बोधन भी दिया। भाजपा नेता विश्वजीत सिसोदिया, रामस्वरूप गहलोत, दिलीप पटेल, कैलाश चौधरी, रवि चौधरी, दिनेश मादिवाल सहित अन्य मौजूद थे।

रेजांगला शौर्य दिवस पर दिल्ली में होगा मुख्यमंत्री के हाथों सम्मान

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। रेजांगला शौर्य दिवस पर वीर सैनिकों और पूर्व सैन्य अधिकारियों का श्रीकृष्णा एक्सक्लूजीव अवार्ड सम्मान का आयोजन तालकटोरा स्टेडियम, नई दिल्लीं में 18 नवम्बर को सुबह 10 बजे से आयोजित होगा। कार्यक्रम के बाद भोज का आयोजन भी रखा गया है। श्रीकृष्णा यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष विजय यादव ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम में रेजांगला वीरभूमि की प्रतीकात्मक झलक दिखाई देगी। साथ ही ऐतिहासिक वीरभूमि के दर्शन एवं श्रद्धांजलि का विशेष अवसर होगा। क़ार्यक्रम में राष्ट्रीय जगदीश यादव की भी अध्यक्षता रहेगी। विजय यादव ने बताया कि 125 जवानों की कुर्बानी में से 112 जवान यादव समाज से जुड़े हुए थे इसलिए यदुकुल सम्मान दिवस पर आयोजन किया जा रहा है।

उठावना



हमारे पिताजी एवम स्व. घनश्याम दास जी, स्व. श्यामसुंदर जी, स्व.जी. डी. शारदा (किसान टॉर्च), देवकीनंदन, वल्लभदास, जगदीशचद्र, भगवानदास, गोपालदास, ओमप्रकाश, शैलेन्द्र, दिनेश के अग्रज एवं राजेश, प्रमोद, मनोज, सचिन, पवन, सुबोध, नितिन, अमन, आशीष, आदेश, गौरव, अंशुल, नमन, आयुष, नयन एवं अपूर्व शारदा के बड़े पिताजी एवं मयंक, दक्ष, वेदांत, अनुज के दादाजी **श्री कृष्ण दास जी सारडा** का श्री जी शरण दिनांक 15.11.26 रविवार को हो गया हैं।

उठावना- दिनांक 17.11.26, समय - शाम 4 से 4.30 बजे

स्थान- शिव मंदिर, गुमाश्ता नगर, इंदौर, पर रखा गया है।

बैठक : 21-22 नवंबर समय : 4 से 6 बजे स्थान : निज निवास पर रखी गई है।

उठावना ससुराल पक्ष होलानी परिवार का सम्मिलित रहेगा

शोकाकुल : सुनील, संजय सारडा

जैन दिवाकर विद्या निकेतन की बेशकीमती भूमि पर बदलाव की तैयारी से समाज में उबाल

गुरु भक्तों और दानदाताओं के समर्पण से खड़ी हुई संस्था के मूल स्वरूप और पहचान को लेकर उठे सवाल; ट्रस्टियों के सादे कागज पर इस्तीफे, प्रशासनिक हस्तक्षेप और न्यायालय की चौखट तक पहुंचने की तैयारी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट
अक्षय जैन

स्थानकवासी जैन समाज और पूज्य उपाध्याय केवल मुनि महाराज की प्रेरणा से स्थापित जैन दिवाकर विद्या निकेतन आज एक ऐसे मोड़ पर खड़ा दिखाई दे रहा है, जहां संस्था की बेशकीमती भूमि, उसकी मूल पहचान और भविष्य की कार्ययोजना को लेकर समाज के भीतर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। गुरु भक्तों, श्रावकों, सामाजिक संस्थाओं और दानदाताओं के सहयोग से विकसित इस संस्थान के स्वरूप में संभावित बदलाव की चर्चाओं ने समाज में चिंता और असंतोष का वातावरण बना दिया है।

बताया जा रहा है कि संस्था के सभी ट्रस्टियों से सादे कागज पर लिखित इस्तीफे लिए गए। यदि ऐसा हुआ है तो यह अपने आप में गंभीर विषय है। सवाल यह है कि इस्तीफे किस परिस्थिति में लिए गए, उनका उद्देश्य क्या था और संस्था के भविष्य से जुड़े निर्णयों में संबंधित ट्रस्टियों की स्वतंत्र सहमति तथा वैधानिक प्रक्रिया का कितना पालन हुआ?

मामले ने तब और गंभीर रूप लेना शुरू किया, जब संस्था के विकास के नाम पर एक ऐसी संभावित कार्ययोजना की चर्चा सामने आई, जिसमें जैन दिवाकर विद्या निकेतन की मौजूदा पहचान और नाम के स्थान पर किसी अन्य संस्था के साथ समायोजन कर सीबीएसई पाठ्यक्रम आधारित शिक्षण संस्थान विकसित करने की परिकल्पना बताई जा रही है।

शिक्षा का विस्तार और आधुनिक शैक्षणिक सुविधाओं का विकास निश्चित रूप से स्वागत योग्य विषय है। सीबीएसई स्कूल की स्थापना भी अपने आप में कोई आपत्तिजनक विचार नहीं है, लेकिन प्रश्न यह है कि क्या इसके लिए जैन दिवाकर विद्या निकेतन की मूल पहचान, स्थापना के उद्देश्य और गुरु भक्तों के समर्पण से निर्मित संस्थागत विरासत में बदलाव आवश्यक है? क्या समाज के दानदाताओं और श्रावकों को विश्वास में लेकर उनकी राय प्राप्त की गई?

दानदाताओं के समर्पण का हिसाब कौन देगा?

जैन दिवाकर विद्या निकेतन की भूमि केवल संपत्ति का एक भूखंड नहीं है। इसके पीछे गुरु भगवंतों की प्रेरणा, श्रावकों की आस्था, दानदाताओं की उदारता और समाज के अनेक परिवारों का आर्थिक एवं भावनात्मक समर्पण जुड़ा हुआ है। उस दौर में सैकड़ों गुरु भक्तों और सामाजिक संस्थाओं ने इस प्रकल्प के लिए सहयोग दिया था। आज समय के साथ भूमि का बाजार मूल्य कई गुना बढ़ चुका है। ऐसे में स्वाभाविक है कि समाज यह जानना चाहेगा कि संस्था की वर्तमान संपत्ति, उसके मूल उद्देश्य और भविष्य की योजना को लेकर क्या निर्णय लिए जा रहे हैं? समाज के जागरूक श्रावकों ने अब पूर्व दानदाताओं तक इस पूरे घटनाक्रम की जानकारी पहुंचाने का अभियान शुरू किया है। उनका मानना है कि जिन लोगों ने गुरु प्रेरणा से इस संस्थान के निर्माण में अपना योगदान दिया, उन्हें संस्था के भविष्य से अनभिज्ञ नहीं रखा जाना चाहिए।

अब सामाजिक संवाद से प्रशासनिक और न्यायिक दखल तक मामला

इस पूरे घटनाक्रम के बाद समाज में विरोध के स्वर मुखर होने लगे हैं। कई श्रावक और समाजसेवी संस्था के मूल स्वरूप, नाम और संपत्ति की सुरक्षा को लेकर अपनी चिंता व्यक्त कर रहे हैं। अब इस मामले को प्रशासनिक स्तर पर उठाने और आवश्यकता पड़ने पर न्यायालय की शरण लेने की तैयारी भी की जा रही है। समाज के सामने कुछ बुनियादी सवाल हैं—संस्था का पंजीकृत संविधान और ट्रस्ट डीड क्या कहती है? ट्रस्टियों के इस्तीफे किस प्रक्रिया के तहत लिए गए? संस्था की संपत्ति के उपयोग और किसी अन्य संस्था के साथ समायोजन के लिए क्या वैधानिक अनुमति आवश्यक है? दानदाताओं को विश्वास में लेने और समाज के समक्ष पूरी कार्ययोजना रखने की जिम्मेदारी किसकी है?

इन सवालों का जवाब आरोप-प्रत्यारोप से नहीं, बल्कि दस्तावेजों, पारदर्शिता और वैधानिक प्रक्रिया से सामने आना चाहिए। संस्था का विकास समाज को स्वीकार है, लेकिन विकास के नाम पर उसकी स्थापना की मूल भावना, पहचान और दानदाताओं के विश्वास को दरकिनार नहीं किया जा सकता। जैन दिवाकर विद्या निकेतन किसी व्यक्ति, पदाधिकारी या सीमित समूह की निजी विरासत नहीं, बल्कि समाज के सामूहिक समर्पण से निर्मित संस्थागत धरोहर है। इसकी दिशा और दशा तय करने में पारदर्शिता, जवाबदेही और समाज के विश्वास को सर्वोच्च स्थान मिलना चाहिए। अब सवाल केवल एक शिक्षण संस्था के विकास का नहीं, बल्कि गुरु प्रेरणा, दानदाताओं के विश्वास और सामाजिक विरासत की जवाबदेही का है।

शंकर थिरके, भजन गाने के लिए गौरव ने थामा माइक





विजयवर्गीय की तर्ज पर रणदिवे और विधायक शुक्ला ने भी लगाए सुर

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय किसी भी धार्मिक आयोजन में पहुंचे और आयोजक उन्हें भजन गाने के लिए माइक नहीं थमाए ऐसा लगभग संभव नहीं है। विजयवर्गीय के भजन गाने की शैली प्रदेश भर में पहचानी जाती है। उसी तर्ज पर अब गौरव रणदिवे और गोलू शुक्ला ने भजन गाना शुरू किया। इधर विधायक के आयोजन में सांसद शंकर लालवानी भी थिरकते नजर आए।

विधायक गोलू शुक्ला के आयोजन में शहर के लगभग सभी जनप्रतिनिधि पहुंचे दिवाली मिलन के आयोजन में गायिका लक्ष्मी पाण्डे ने भजनों की प्रस्तुति दी। इस दौरान जब मंच पर शंकर लालवानी पहुंचे तो पाण्डे ने उन्हें धार्मिक रूप से नृत्य करने के लिए कहा, इस पर जब लालवानी ना नकुर करने लगे तो गायिका ने उन्हें अपनी सिग्नेचर स्टेप डमरू बजाते हुए याद दिलाई। उल्लेखनीय है कि लालवानी की डमरू बजाते हुए यह स्टेप हड़तालिका तीज के आयोजन के बाद से ही जमकर वायरल हो चुकी है। इसके अलावा लालवानी सिंधी नृत्य भी करते हैं। कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री गौरव रणदिवे भी पहुंचे। रणदिवे ने भी माइक थामा और दो भजन सुनाए, उनके साथ विधायक गोलू शुक्ला ने भी सुर मिलाए। उल्लेखनीय है कि भजन गाने के लिए शहर में अब तक कैलाश विजयवर्गीय और उनके बाद आकाश विजयवर्गीय पहचाने जाते हैं, लेकिन शहर की राजनीति में चर्चित नए चेहरे भी अब माइक थामकर भजन गा रहे हैं।

मतदाता सूची को कांग्रेस वार्ड अध्यक्षों के माध्यम से खंगलवाएगी

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। मतदाता सूची पुनरीक्षण पर काम चल रहा है ऐसे में शहर कांग्रेस के पास पूरी मतदाता सूची निर्वाचन कार्यालय से प्रमुख राजनीतिक दल होने के कारण पहुंची है। कांग्रेस अब इस सूची को वार्ड अनुसार अलग-अलग विधानसभा की अलग-अलग वार्डों में जल्द पहुंचाएगी और वहां वार्ड अध्यक्षों और टीम के माध्यम से वार्ड में कौन मतदाता है, कौन नहीं है, कौन 18 साल का हो चुका है उस पर काम करवाकर खंगलवाएगी। कोई नाम गलत है तो उसे कटवाने का काम भी करेगी और जो नाम छूट गए हैं उसे जुड़वाने का काम भी कांग्रेस करेगी। इस मामले में शहर कांग्रेस महामंत्री संजय बाकलीवाल ने बताया कि जल्द गांधी भवन से हर वार्ड अध्यक्षों के पास उनके वार्ड की सूची पहुंच जाएगी और सूची पहुंचने के बाद उनसे रिपोर्ट भी ली जाएगी।

इन्दिरा गांधी की जयंती मनाई जाएगी

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। शहर कांग्रेस द्वारा इन्दिरा प्रतिमा नवलखा पर इन्दिरा गांधी की जयंती 19 नवम्बर को माल्यार्पण का आयोजन किया जाएगा। शहर कांग्रेस द्वारा इसकी जानकारी कांग्रेसियों को दी जा रही है, जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग इन्दिरा गांधी की प्रतिमा पर पहुंचकर श्रद्धासुमन में शामिल हो सके।

रणजीत पर अन्नकूट प्रसादी के लिए हुआ भट्टी पूजन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। प्राचीन रणजीत हनुमान मंदिर पर साल में दो बार भंडारा प्रसादी का आयोजन होता है। हनुमान जयंती के बाद आने वाले मंगलवार के अलावा आंवला नवमी पर हजारों भक्त प्रसादी ग्रहण करते हैं। कल आंवला नवमी पर चलित प्रसादी का आयोजन होगा। इसके लिए आज सुबह भट्टी पूजन किया गया। पंडित दीपेश व्यास ने बताया कि मंत्रोच्चार कर प्रसादी के लिए भट्टी पूजन हुआ। आज नुकती प्रसाद बनेगा। वहीं रात से पुड़ी भी बनना शुरू हो जाएगी।



रणजीत मंदिर से जुड़ी मातृशक्तियां रामभाजी के लिए सब्जी काटने की सेवाएं भी दे रही है। रणजीत हनुमान मंदिर के अलावा वीर अलीजा हनुमान मंदिर, विद्याधाम और वेंकटेश मंदिर में भी कल अन्नकूट के बड़े आयोजन होंगे।

कृष्णबाग कालोनी के मकान तोड़ने की कार्रवाई आज भी टली

पुलिस बल नहीं मिलने का बताया कारण, क्षेत्र के लोगों ने भी मांगा था वक्त

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

स्टार चौराहे के पास में स्थित कृष्ण बाग कॉलोनी में 73 मकान तोड़ने की कार्रवाई आज एक बार फिर टल गई है। कार्रवाई टलने के पीछे पुलिस बल के नहीं मिलने का कारण बताया गया है। इसके साथ ही क्षेत्र के लोगों के द्वारा भी कार्रवाई को एक-दो दिन आगे बढ़ाने की अपील प्रशासन से की गई थी।

जिला प्रशासन के द्वारा सरकारी जमीन पर कॉलोनी का निर्माण कर लोगों के द्वारा मकान बना लिए जाने के कारण कृष्ण बाग कॉलोनी में 73 मकान तोड़ने का फैसला लिया गया था। इस फैसले का क्रियान्वयन करने के लिए नगर निगम की ओर से मकान वालों को नोटिस देने से लेकर बाकी सारी कागजी कार्रवाई कर ली गई है। जूनी इंदौर क्षेत्र के एसडीएम घनश्याम धनगर के द्वारा कल सोमवार को ही इन सभी मकानों को तोड़ने की तैयारी की गई थी। कल ऐन मौके पर पुलिस के द्वारा बल नहीं दिए जाने के कारण यह कार्रवाई नहीं हो पाई थी। ऐसी स्थिति में आज यह कार्रवाई की जाने वाली थी। प्रशासन के द्वारा बताया गया है कि आज भी पुलिस बल नहीं मिलने के कारण कार्रवाई नहीं हो सकी है। इसी बीच कल सोमवार को दोपहर में कलेक्टर शिवम वर्मा से मिलने के लिए इस कॉलोनी के रहने वाले लोग आए थे। इन लोगों ने कलेक्टर से एक-दो दिन का वक्त देने का आग्रह किया था। इस कॉलोनी के अवैध कब्जे को हटाने के लिए सुप्रीम कोर्ट से भी आदेश हो चुका है। इस कॉलोनी में रहने वाले लोग गरीब वर्ग के हैं। इन लोगों के द्वारा अपने जीवन भर की कमाई को लगाकर यहां पर मकान बनाया गया है। पिछले चार दिनों से इस कॉलोनी में रहने वाले लोग रीगल चौराहे पर गांधी प्रतिमा के आसपास अपने नारे लिखे बैनर लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। ये लोग इस कार्रवाई का विरोध कर रहे हैं।

बिना पुलिस बल के कार्रवाई संभव नहीं

जिला प्रशासन के अधिकारियों का कहना है कि जिन लोगों के मकान तोड़े जाने हैं उन लोगों में गुस्सा बहुत ज्यादा भरा हुआ है। ऐसे में बिना पुलिस बल को साथ में लिए जाकर कार्रवाई कर पाना संभव नहीं है। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए ही हमारे द्वारा कार्रवाई को टाल दिया गया है। जब पुलिस बल मिल जाएगा तभी इस कार्रवाई को अंजाम दिया जाएगा। प्रशासन को आशंका है कि कार्रवाई के दौरान यहां पर क्षेत्र के लोगों के द्वारा हंगामा किया जा सकता है।

अन्नपूर्णा क्षेत्र में चाट चौपाटी बनाने के लिए भारत सरकार ने दिए 4 करोड़

अब निगम ठेका देकर कराएगा निर्माण

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। अन्नपूर्णा में नागरिकों की सुविधा के लिए खाने-पीने के सामान की चौपाटी बनाई जाएगी। इसके लिए भारत सरकार के द्वारा 4 करोड़ रुपए दिए गए हैं। इस राशि से अब नगर निगम के द्वारा ठेका देकर काम करवाया जाएगा।

वैसे तो नगर निगम बहुत समय से यह कोशिश कर रहा था कि अन्नपूर्णा क्षेत्र में भी एक चाट चौपाटी का निर्माण हो जाए। जिस तरह शहर के मध्य क्षेत्र में सराफा में लोग चौपाटी पर खाने के लिए पहुंचते हैं, उसी तरह अन्नपूर्णा क्षेत्र के लोगों को सराफा तक जाने की जरूरत नहीं पड़े। इन लोगों को उनके क्षेत्र में ही सारे व्यंजन आसानी के साथ सुविधापूर्ण तरीके से उपलब्ध हो सकें। इसके लिए निगम के द्वारा योजना भी तैयार कर ली गई थी लेकिन योजना का क्रियान्वयन नहीं हो पा रहा था। अब भारत सरकार के द्वारा इस योजना के क्रियान्वयन के लिए 4 करोड़ रुपए की राशि मंजूर कर नगर निगम को दे दी गई है। यह राशि भारत सरकार से मिल जाने पर नगर निगम के लिए इस चौपाटी का निर्माण आसान हो गया है। अब नगर निगम के द्वारा चौपाटी का निर्माण करने के लिए योजना को मंजूरी दे दी गई है। इस योजना का क्रियान्वयन करने के लिए ठेकेदार एजेंसी के चयन की प्रक्रिया को भी शुरू कर दिया गया है। निगम के अधिकारियों का कहना है कि हमारी इच्छा तो शहर के हर क्षेत्र में अलग-अलग व्यवस्थित चौपाटी का निर्माण कर देने की है। इसके लिए स्थान के चयन की कोशिश लगातार की जा रही है। इस कोशिश के बीच अब सबसे पहले अन्नपूर्णा क्षेत्र के नागरिकों को यह सौगात मिल सकेगी।

रंगवासा में निगम बनाएगा 4 करोड़ का कम्युनिटी हॉल

गरीबों के लिए बनाई गई बिल्डिंग में रहने वालों को दी जाएगी सुविधा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। इंदौर नगर निगम के द्वारा राऊ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले रंगवासा में 4 करोड़ रुपए की लागत से कम्युनिटी हॉल का निर्माण किया जाएगा। इसी स्थान पर निगम के द्वारा गरीब नागरिकों के निवास के लिए बिल्डिंग बनाई गई है। इस बिल्डिंग में रहने वाले लोगों को सुविधा देने के लिए यह निर्माण किया जाएगा।

केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत इंदौर नगर निगम के द्वारा शहर के बहुत सारे क्षेत्र में अलग-अलग भवन का निर्माण किया गया है। इन भवनों में शहर भर के गरीब लोगों को निवास के लिए स्थान उपलब्ध कराया गया है। इसके साथ ही जिन स्थानों पर नगर निगम के द्वारा सड़क को चौड़ा करने का काम किया जा रहा है उन स्थानों पर जिन लोगों के मकान पूरी तरह से टूट जाते हैं उन लोगों को भी निगम के द्वारा इन भवनों में फ्लैट का आवंटन कर आवास की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है।

इस आवास योजना के तहत निर्मित किए गए भवन में रहने वाले लोगों के द्वारा अब दूसरी सुविधाओं की मांग भी निगम के समक्ष की जाने लगी है। जिसमें खास तौर पर कम्युनिटी हॉल जैसी सुविधा मांगी जा रही है ताकि इन भवनों में रहने वाले लोग अपने सामाजिक धार्मिक और खास तौर पर वैवाहिक कार्यक्रम का आयोजन इस स्थान पर कर सकें और उन्हें स्थान के किराए के रूप में ज्यादा राशि नहीं देनी पड़े। इस तरह की मांग के चलते हुए नगर निगम के द्वारा रंगवासा के सिंदोडा गांव में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित किए गए भवनों के पास में कम्युनिटी हॉल का निर्माण करने और साथ ही क्षेत्र का विकास करने की योजना तैयार की गई है। इस योजना पर 4 करोड़ रुपए की राशि खर्च होगी। इस कार्य को करने में 1 साल का समय लगेगा। नगर निगम के द्वारा इस प्रोजेक्ट को मंजूर करने के साथ ही इस काम को अंजाम देने के लिए ठेकेदार के चयन की प्रक्रिया को शुरू कर दिया गया है। निगम के अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही हम इस योजना को क्रियान्वयन की राह पर आगे ले जाएंगे।

बिजली कंपनी के एमडी ने विभागाध्यक्षों की ली मीटिंग



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने कंपनी के विभाग प्रमुखों की मीटिंग ली व गुणवत्ता से बिजली आपूर्ति के लिए गंभीरता से प्रयास रखने के निर्देश दिए। सिंह ने गुणवत्ता से मेंटेनेंस करने, नए कार्य समय पर करने, सिंहस्थ से जुड़े कार्यों के नियमित निरीक्षण करने, शिकायतों का समय पर समाधान करने, कंपनी के भंडार गृहों में विद्युत सामग्री का निश्चित स्टॉक रखने को कहा। प्रकाश सिंह चौहान, गजरा मेहता, एसएल करवाड़िया समेत अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।



ब्रह्माकुमारी संस्थान ने किया भूमिपूजन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। सांवेर रोड स्थित धरमपुरी सांवरिया सिटी में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय धरमपुरी द्वारा प्रभु दर्शन भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन का आयोजन किया। हेमलता दीदी, सीमानंद गिरि, छोटू महाराज, जयंतीं दीदी, विनोद चंदानी, सुरेशसिंह पंवार, पूनमचंद मालवीय, अनिता बहन, छाया बहन, उषा बहन, भावना बहन, सीमा बहन, सुजाता बहन सहित अन्य मौजूद थे।

शेखावटी सेन समाज का मिलन और अन्नकूट आज शाम

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। श्री शेखावटी सेन पंचायत समाज इंदौर दीपावली मिलन समारोह एवं अन्नकूट महोत्सव आज शाम 7 बजे से शेखावटी सेन समाज पंचायत धर्मशाला चारभुजानाथ मन्दिर, मल्हारगंज में आयोजित किया गया है। आयोजन से जगदीश नरखले, अमरचंद सेन, मंगल आमेरिया, लक्ष्मण सेन, निलेश सेन शैलू, राजेश मीर्दवाल, राजेंद्र सेन, महेश सेन, कन्हैयालाल सेन, रामलाल सेन, अशोक सेन, मनीष सेन, गोपाल सेन, हेमन्त सेन, पंकज सेन जुड़े हुए हैं।

धनगर का तबादला

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

इंदौर कलेक्टर कार्यालय में एसडीएम जूनी इंदौर के रूप में काम करने वाले घनश्याम धनगर का राज्य सरकार के द्वारा तबादला कर दिया गया है। उन्हें उज्जैन के सिंहस्थ का उप मेला अधिकारी बनाते हुए उज्जैन में पदस्थ किया गया है। ऐसा माना जाता है कि यह पदस्थापना उज्जैन के संभाग आयुक्त आशीष सिंह की रुचि के चलते हुए सरकार के द्वारा की गई है। ध्यान रहे कि इंदौर में कलेक्टर रह चुके आशीष सिंह के द्वारा बेहतर अधिकारियों को ढूंढ-ढूंढकर उज्जैन में पदस्थ कराया जा रहा है। इस समय उज्जैन में जितने भी अधिकारी पदस्थ हैं वे सभी आशीष सिंह की गुड लिस्ट के अधिकारी हैं।

अग्रसेन महासभा का आज अन्नकूट एवं मिलन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। श्री अग्रसेन महासभा का दीपावली मिलन समारोह एवं अन्नकूट महोत्सव इस बार म्यूजिकल तम्बोला, भगवान श्रीनाथजी को 56 भोग समर्पण, श्रृंगार दर्शन एवं महाआरती के साथ आज शाम 7 बजे से बायपास सम्पत गार्डन पर होगा। राजेश जिंदल, अनूप सिंघल, राजेश बंसल, प्रमोद बिंदल, अशोक तेलवाला, राजेश चौधरी ने बताया कि धार्मिक तम्बोला खिलाया जाएगा जिसमें विजेताओं को हौंडा एक्टिवा, एलईडी टीवी, 100 ग्राम चांदी एवं 2 स्वर्ण सिक्कों सहित अनेक आकर्षक पुरस्कार भी हाथो हाथ दिए जाएँगे। अर्चना-राजेश जिंदल, पूजा-अनूप सिंघल, उषा-राजेश बंसल, आशा-प्रमोद बिंदल एवं राधा-अशोक अग्रवाल भी जिम्मेदारी निभा रहे है।

लक्ष्मी व्यंकटेश मंदिर में अन्नकूट कल

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। लक्ष्मी व्यंकटेश मंदिर छत्रीबाग में स्वामी विष्णुप्रपन्नाचार्य महाराज के सान्निध्य में कल 18 नवंबर को अन्नकूट महोत्सव शाम से आयोजित होगा। छप्पन भोग भी लगाए जाएंगे। महाआरती भी होगी। कैलाश मूंगड़, राजेंद्र सोनी, गोविंद झंवर, आशीष लड्ढा, को अन्नकूट की जिम्मेदारी दी गई है। व्यवस्था के लिए 400 कार्यकर्ताओं को तैनात किया गया है।

किसान कर रहे हैं सांची दुग्ध संघ घेराव की तैयारी

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। भारतीय किसान एवं मजदूर सेना के प्रदेश अध्यक्ष बबलू जाधव ने इंदौर सहकारी दुग्ध संघ एवं सांची दुग्ध संघ की किसान विरोधी कार्यप्रणाली पर फिर से कहा कि सांची दुग्ध संघ ने जहां उपभोक्ताओं से 3 रु. अतिरिक्त वसूली प्रति लीटर की और किसानों को मात्र 1.20 रु. प्रति लीटर की बढ़ोतरी की। इस मुद्दे पर 26 नवम्बर को सांची दुग्ध संघ मुख्यालय का घेराव किया जाएगा और किसान अब आरपास की लड़ाई लड़ेंगे। इस मुद्दे पर कल के बाद आज सुबह भी अलग-अलग ग्रामीण क्षेत्र में किसानों के बीच बैठक के आयोजन चौपालों पर किए जा रहे हैं।

पटेल और अटलजी की प्रतिमा का दिसम्बर में लोकार्पण होगा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

विवेकानंद प्रतिमा के लिए 50 दिन की समयसीमा तय, महापुरुषों की प्रतिमाओं से संवरेंगे चौराहे, 15 लेफ्ट टर्न को भी सुधारने पर जोर, पार्किंग पर भी ध्यान

महापौर पुष्यमित्र मित्र भार्गव की मौजूदगी में महापौर कक्ष में समीक्षा बैठक हुई। योगेश गेंदर, राकेश जैन, पंखुरी जैन की मौजूदगी में तय किया गया कि महापुरुषों की प्रतिमाओं से चौराहों को संवारेंगे, सजाएंगे, ट्रैफिक सुधारने के लिए 15 जगहों पर लेफ्ट टर्न व्यवस्थित होंगे। यातायात विभाग की समीक्षा बैठक में यह भी तय हुआ कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा 15 दिसम्बर को और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का लोकार्पण 25 दिसम्बर को किया जाएगा। वहीं स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा निर्माण और स्थापना की समयसीमा तय की गई है।

सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा स्थल पर भी काम जल्द कर समयसीमा 30 नवम्बर निर्धारित की है ताकि लोकार्पण समारोह से पहले स्थल की व्यवस्थाएं पूरी की जा सके।



अटलबिहारी वाजपेयी की प्रतिमा उनकी जयंती 25 दिसम्बर को अनावरण की जाएगी। अटलजी की प्रतिमा और दशहरा मैदान स्थल को 15 दिसम्बर तक पूरा करने का निर्देश दिए है। वहीं समारोह पर भी सभी व्यवस्थाएं दोनों प्रतिमाओं के लिए की जाए। वहीं सिरपुर देवी अहिल्या उद्यान में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा स्थापित करने के कार्य को अगले 50 दिनों में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। महापौर ने प्रतिमा स्थल के फुटिंग और सिविल वर्क के साथ मूर्ति निर्माण की प्रगति की समीक्षा की। नेहरू पार्क में चंद्रयान की प्रतिकृति का काम जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। सुगम यातायात के लिए 15 स्थानों पर खालसा चौराहा, कनाड़िया रोड पर भंडारी रिसोर्ट के पास लेफ्ट टर्न, खजराना चौराहा, वर्ल्ड कप चौराहा, हाईकोर्ट चौराहा, चाणक्यपुरी चौराहा, लोखंडे ब्रिज चौराहा, नगर निगम चौराहा, एमआर-10 चौराहा, तीन इमली चौराहा, गोपुर चौराहा, रसोमा चौराहा, मृगनयनी चौराहा, सत्यसाईं चौराहा और स्कीम नंबर-54 स्थित किंग्स डेयरी लेफ्ट टर्न और चौराहों के विकास कार्यों की समीक्षा की गई। इसके साथ ही निगम की आठ पार्किंग साइटों महाराजा कॉम्प्लेक्स, सरवटे बस स्टैंड पार्किंग, स्कीम नंबर-54 में सत्यसाईं स्कूल के पास पार्किंग, पालिका प्लाजा, रघुनाथ पेट्रोल पंप पार्किंग, बजाजखाना चौक की बहुमंजिला पार्किंग, कोठारी मार्केट पार्किंग और प्रेमसुख टॉकीज के पास स्थित पार्किंग के टेंडर और संचालन व्यवस्था को दुरुस्त करने पर भी जोर दिया गया। इसके साथ ही हरसिद्धि चौराहे के विकास कार्य पर भी चर्चा हुई।

कांच मंदिर के सामने बेतरतीब गाड़ियों का बनाया चालान



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

ब्लास्ट की खबर का असर

सिटी ब्लास्ट ने जन आवाज बनते हुए जनता की समस्या पर मुद्दा उठाया था कि शहर के मध्य इतवारिया बाजार में कांच मंदिर के सामने बेतरतीब वाहन कार और अन्य वाहन खडे कर दिए जाते है। वहीं ई और पैसेंजर रिक्शा भी सवारी के इंतजार में बेतरतीब बीच रोड पर खडे हो जाते है। पुलिस ने शनिवार को प्रकाशित समाचार के बाद रविवार और सोमवार को बेतरतीब वाहनों को ठीक लगवाया और ई और पैसेजर रिक्शा को भी इस रोड से हटवाया लेकिन पुलिस ने अभी तक सेंडवीच दुकान के बाहर लगी कुर्सियां और सेंडवीच खाने वाले लोगों के वाहन पर कार्रवाई नही की है जिससे भी जाम की स्थिति बनी हुई है। संतोषी माता मंदिर के बाहर साइड और पीछे भी फ्रूट के ठैले बेतरतीब लगे रहते है वे भी जाम लगा रहे है। अब देखना होगा कि निगम और यातायात पुलिस के साथ क्षेत्रीय थाना पुलस किस तरह यातायात को ठीक करने में कामयाब होती है।

जल प्रदाय पाइप लाइन को लेकर बैठक

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने स्मार्ट सिटी परियोजना एवं निगम जलप्रदाय विभाग के अंतर्गत शहर में किए गए पाइपलाइन संबंधी कार्यों की नेहरू पार्क स्थित स्मार्ट सिटी ऑफिस में समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की। स्मार्ट सिटी एवं जलप्रदाय विभाग के बीच समन्वय स्थापित कर पाइपलाइन के शेष कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए। सभी लंबित कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए तथा कार्यों के क्रियान्वयन में दोनों विभागों के बीच प्रभावी समन्वय सुनिश्चित किया जाए।



आयुक्त द्वारा दोनों विभागों को संयुक्त रूप से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में वर्तमान जलप्रदाय व्यवस्था का परीक्षण करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में नई एवं पुरानी दोनों पाइपलाइनों के माध्यम से जलप्रदाय किया जा रहा है, वहां पुरानी पाइपलाइन को नियमानुसार डिस्कनेक्ट कर नई पाइपलाइन के माध्यम से जलप्रदाय प्रारंभ किया जाए। इससे नई पाइपलाइन का पूर्ण एवं प्रभावी उपयोग सुनिश्चित होने के साथ ही नागरिकों को सुचारु एवं व्यवस्थित जलप्रदाय उपलब्ध कराया जा सकेगा।

जल की बर्बादी करने वाले 16 लोगों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



उपयंत्री सौरभ समैया, सहायक सीएसआई चेतन, जल प्रदाय विभाग की टीम द्वारा विगत दो दिनों से संबंधित क्षेत्र में नागरिकों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए सड़क पर पानी नहीं बहाने की समझाइश दी जा रही थी। नगर निगम द्वारा निजी नलों में टोंटियां लगवाए जाने के बावजूद कुछ नागरिकों द्वारा सड़क पर पानी बहाकर जल की बर्बादी की जा रही थी। इसी क्रम में मुराई मोहल्ला, गली नंबर 2 में जलप्रदाय के दौरान सड़क पर पानी बहाने एवं जल की बर्बादी करने वाले नागरिकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करते हुए कुल 16 चालान बनाए गए।

पेड़ काटा तो हुई शिकायत

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। श्री नगर एक्सटेंशन स्थित कालिंदी पार्क में बड़े पेड़ को काटा गया उसका वीडियो और चित्र की सचित्र शिकायत निगम मुख्यालय से लेकर निगम उद्यान विभाग में की गई, लेकिन शिकायत के बाद भी कोई संज्ञान लेने नहीं पहुंचा। अब इस मामले में रहवासी प्रदर्शन करेंगे।





बोरिंग कराते चित्र सोशल मीडिया पर तेजी से चले

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। देपालपुर तहसील के कटकोदा गांव के जूनागढ़ रोड पर बोरिंग होते और बनेड़िया में नान्द्रा के रास्ते काकड़ पर बोरिंग कल किया गया, जिसे सोशल मीडिया पर जमकर चलाया गया और कहा कि प्रतिबंध के बाद भी यह बोरिंग किए जा रहे हैं। पुलिस थाना पर भी अंगुलियां उठाई गई। शिकायत के बाद एक अधिकारी देरी से पहुंचते हैं जब तक बोरिंग मशीन अपना काम करके जा चुकी थी। पुलिस और प्रशासन की प्रभावी कार्रवाई नहीं होने पर भी प्रश्न चिह्न लगे हैं।





कसेरा बाजार स्कूल के दो छात्रों का मंच पर किया सम्मान, जीता था स्वर्ण पदक

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। श्री कसेरा बाजार विद्या निकेतन स्कूल में विद्यार्जन के अलावा अन्य विधाओं मे भी महारथ हासिल कराई जाती है। इसी कड़ी में 70वीं राज्य स्तरीय स्कूली बेसबॉल प्रतियोगिता चिमनबाग मैदान में आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में कसेरा बाजार स्कूल के छात्रों ने भी शिरकत की थी। अंश सेंगर और वेदिक यादव ने राज्यस्तरीय बेसबॉल प्रतियोगिता में इन दोनों मेधावी छात्रों ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता। आज इन दोनों विद्यार्थी अंश सेंगर और वेदिक यादव का मंच के माध्यम से प्राचार्य वर्षा झंवर, उपप्राचार्य नेहा श्रीधर, खेल अध्यापक अंकित जोशी ने सैकड़ों विद्यार्थियों और अध्यापकों की मौजूदगी में सम्मान किया।

जांगड़ा पोरवाल पंचायती सभा क़ा मिलन और अन्नकूट

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। श्री जांगड़ा पोरवाल पंचायती सभा के तत्वावधान में छत्रीबाग स्थित लक्ष्मी नृसिंह मंदिर में अन्नकूट महोत्सव एवं दीपावली मिलन का आयोजन किया गया। भगवान लक्ष्मी नृसिंह का श्रृंगार दर्शन, 56 भोग



समर्पित कर महाआरती की गई। अरुण पोरवाल, रामदयाल फरक्या, सुभाष धनोतिया, कृष्णकांत मजावदिया, संतोष मेहता, अशोक मेहता, श्रीराम मांडलिया, कृष्णा घरिया एवं राजेश सेठिया सहित अन्य ने अपनी भूमिका निभाई। कई जनप्रतिनिधि और भाजपा नेता भी मिलन और अन्नकूट में समाजजनों के बीच मौजूद रहे।

राष्ट्रीय मिर्गी दिवस पर शिविर



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। राष्ट्रीय मिर्गी दिवस के उपलक्ष्य में इंदौर एपिलेप्सी एसोसिएशन विशेषज्ञ समिति इंदौर चैप्टर ने गीता भवन हॉस्पिटल मंदिर परिसर में मिर्गी रोग के लिए जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से मरीजों और उनके परिजनों को आमंत्रित कर उन्हें मिर्गी से जुडी विभिन्न भ्रांतियों, दौरे की स्थिति में बरती जाने वाली सावधानियों, गर्भवती महिलाओं को दौरे से बचाने और अन्य प्रतिबंधात्मक उपायों का प्रशिक्षण देकर उनका मार्गदर्शन किया गया। डॉ. वीबी नाडकर्णी, डॉ. बसंत डाकवाले, डॉ. राजा गुलफाम, डॉ. जयमाला शाह, डॉ. गरिमा ऐरन, डॉ. कुचोरिया ने मिर्गी रोग पर सार्थक जानकारी और उपाय बताए। लाफ्टर शो भी हुआ। नीलम रानाडे ने आभार माना।

सौ से अधिक सखियाँ म्यूजिकल तम्बोला में बनेंगी भागीदार

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। महिला प्रकोष्ठ अग्रवाल समाज के 'लव यू जिन्दगी' कार्यक्रम की श्रृंखला में बुधवार 18 नवम्बर को दोपहर 3 से होटल प्रेसीडेंट पर ग्रैंड लक्ष्मी सेलिब्रेशन का जलसा आयोजित होगा। म्यूजिकल तम्बोला मुख्य केंद्र रहेगा जिसमें विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार भी दिए जाएँगे। अब तक करीब 100 सखियों के पंजीयन हो चुके हैं।



श्री दशा नीमा समाज का अन्नकूट

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। श्री दशा नीमा मण्डल के तत्वावधान में श्री दशा नीमा समाज का अन्नकूट महोत्सव नीमा मांगलिक परिसर में आयोजित हुआ। भगवान श्रीनाथजी का शृगार कर छप्पन भोग लगाए और महाआरती की गई। कृष्णकुमार नीमा, दिलीप नीमा, अनुराग नीमा, शेखर नीमा, बृजवल्लभ नीमा,गिरिराज नीमा,कमल नीमा,ललित नीमा,संजय नीमा,मनीष नीमा,शैलेश नीमा,शंभू कुमार नीमा,नारायण नीमा,नरेंद्र नीमा,प्रवीण नीमा,नवनीत नीमा,प्रमोद नीमा,विद्यासागर नीमा,रमन नीमा ने अपनी भूमिका निभाई।

गौशाला में पहुंच रहे हैं श्रद्धालु



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। आज गोपाष्टमी पर गाय और गोपालन का मिलन हो रहा है। आज गौशालाओं में श्रद्धालु पहुंच रहे है, सुबह से गाय का पूजन, आरती का आयोजन किया जा रहा है और पेट पूजा कराई जा रही है। कई श्रद्धालुओं ने आज गोशाला में छप्पन भोग भी लगवाए। कोई हरा चारा तो कोई सूखा चारा खिला रहा है तो कोई घर से खाद्य पदार्थ, कोई फ्रूट तो कोई गुड लेकर गौशाला पहुंचे है। अहिल्या माता गौशाला पर भी आज सुबह से आयोजन हो रहे है। भगवान लड्डू को भी छप्पन भोग लगे है। वहीं विद्याधाम मंदिर गौशाला पर भी आज गौपूजन और भोज का आयोजन हो रहा है, गौवंश को व्यंजन समर्पित किए जा रहे है। आज शाम 6 बजे से भी आयोजन होंगे।

ब्रोकर एसोसिएशन ने मिलन में खिलाया तंबोला

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। इंदौर रियल एस्टेट ब्रोकर्स एसोसिएशन द्वारा दीपावली मिलन समारोह का आयोजन बांगड़दा रोड स्थित गार्डन पर किया। अध्यक्ष नरेंद्र जैन भटेवरा एवं सचिव पीयूष वाजपेयी ने बताया कि मंच का कार्यक्रम भी किया गया और तंबोला भी बड़े रूप में खिलाया गया। विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। सदस्यों को पारिवारिक रूप से आमंत्रित किया गया था। सत्यनारायण प्रजापति, प्रमोद द्विवेदी, दीपक नागर,



वीरेंद्र गुप्ता, प्रकाश राठी, अनिल शर्मा, सचिन जैन, अजय व्यास, अशोक रूपावत, अभय जैन, तपन बड़जात्या, अशोक बंसल, रूपेश दवे ने इस आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में डॉ. गौरव गुप्ता, जगदीश गुप्ता, दीपक पाटोदी, अतुल चौरसिया, महेश दलोदरा, लक्ष्मीनारायण मौर्य, संजय वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।



मेड़तवाल समाजजन रहे अन्नकूट और सम्मान में मौजूद

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। मेड़तवाल समाज ने बाबाश्री गार्डन में अन्नकूट महोत्सव, मिलन और सम्मान का आयोजन किया। भजनों की प्रस्तुति भी गायक ने दी। तंबोला भी खिलाया गया। आयोजन में पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता, निरंजनसिंह चौहान, जगदीश गोयल अतिथि थे। शक्तिनाथ गुप्ता, लक्ष्मीनारायण मेड़तवाल गोपाल भगत, रामनायण पारोलिया, हरिनारायण मुंजे, कैलाश गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, मनीष मेड़तवाल उपस्थित थे। समाज की मातृशक्तियां, युवा संगठन अन्य पदाधिकारी और समाजजनों ने सहयोग किया।

बैरवा संगठन का दीवाली मिलन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। बैरवा विकास संगठन पारिवारिक दीपावली मिलन का आयोजन रिसोर्ट पर पारिवारिक रूप से किया गया। वरिष्ठों एवं विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। समाज की प्रतिभाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। रतनलाल लकवाल ,मदनलाल मिमरोट, के एल लोदवाल, एन के जिनवाल, एल एन बरूआ, आर पी मरमट,एन के जीनवाल,एल एन लोदवाल, अशोक गोगड़े, कचंन सिसोदिया, गुरु चरण लोदवाल, बी एल



गोठवाल, रमेश गोठवाल, जय नारायण राजवाल, बृजमोहन मिमरोट, एनएल बरूआ, चिरोंजीलाल वर्मा, रमेश गोमे, लक्ष्मीनाराण बरुआ, नंदकिशोर मरमट, शंकरलाल जीनवाल, राकेश मेहरा, मुन्नालाल मरमट, राजाराम बरुआ सहित अन्य मौजूद थे।

महार समाज ने किया सम्मान



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। सोमवंशीय सकल पंच महार समाज ने समाजसेवियों का सम्मान किया। पांच दिवंगत सदस्यों रामचंद्र राव बावस्कर, नारायण राव टिंगरे, लक्की टपाल, राजेश सासदिवे और लखन अड़ाव को 'महार रत्न' से सम्मानित किया गया। दिवाली मिलन में बड़ी संख्या में समाजजन पहुंचे। नारायणराव गायकवाड़, अनिल पवार, दीपक कोंगे, मधु चौहान, सुभाष निकूमकर, गोपाल जाधव, संतोष कांबले, मनीष मोरे, सुलोचना भड़गे, सुमित्रा बल्लार, भैया भाऊ, अरुण पवार और जय गायकवाड़ उपस्थित थे।

युवा और विद्यार्थियों ने दी श्रद्धांजलि



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर वीर टांटिया नगर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम में युवा और सावित्री फुले पाठशाला के विद्यार्थी मौजूद रहे। प्रतिमा पर पुष्पांजलि भी की गई।

शंकराचार्य तीन दिवसीय विजय यात्रा पर आएंगे, दो विशेष अनुष्ठान भी करेंगे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

श्रृंगेरी मठ के जगदगुरु शंकराचार्य विधुशेखर भारती सन्निधानम करीब 33 वर्षों बाद विजय यात्रा पर 21 से 23 नवम्बर तक इंदौर आएंगे। शंकराचार्य बनने के बाद उनका यह पहला इंदौर प्रवास होगा जिसमें वे भक्तों को दर्शन, आशीर्वचन और आध्यात्मिक मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। उनके साथ 60 से अधिक विद्वानों और आचार्यों का अतिविशिष्ट दल भी इंदौर आएगा। इंदौर प्रवास में शंकराचार्यजी भगवान चन्द्रमौलीश्वर की तीन दिन की विशेष पूजा भी प्रतिदिन रात 8 बजे से प्रारम्भ करेंगे और आम भक्त भी इस पूजा के दर्शन कर सकेंगे। इसी तरह बैकुंठ चतुर्दशी की वर्ष की सबसे बड़ी विशेष पूजा भी शंकराचार्यजी अपने इस प्रवास के दौरान इंदौर में ही करेंगे। श्रृंगेरी शंकराचार्य भक्त मंडल के प्रदेशाध्यक्ष आचार्य पं. रामचंद्र शर्मा वैदिक ने बताया कि श्रृंगेरी पीठ के वर्तमान जगदगुरु विधुशेखर भारती सन्निधानम के गुरु और तत्कालीन शंकराचार्य जगदगुरु श्री श्री भारती तीर्थ महासन्निधानम भी 33 वर्ष पूर्व विजय यात्रा पर ही इंदौर आए थे। अब गुरु परंपरा के उत्तराधिकारी के रूप में वर्तमान जगदगुरु शंकराचार्य करीब साढ़े तीन दशक पश्चात विजय यात्रा के रूप में आ रहे हैं। उन्हें मध्यप्रदेश सरकार की ओर से राजकीय अतिथि का दर्जा दिया गया है। आयोजन को लेकर बैठक का आयोजन भी किया। राजेश गर्ग केटी,सत्यनारायण पटेल, डॉ. अक्षय बम, अरविन्द बागड़ी, गोविन्द सिंघल, धीरज खंडेलवाल, राजेश बंसल, शिव जिंदल एवं राजेश गर्ग, विष्णु बिंदल, अनुरोध जैन, सोमेन्द्र शर्मा, राजेश शर्मा, रवीन्द्र मेहता, कीर्ति जोशी, अशोक भट्ट, दीपेश व्यास की मौजूदगी में समिति का गठन किया गया। शनिवार 21 नवम्बर को उनके नगर आगमन पर स्कीम 51 स्थित संगम नगर में स्वागत और दर्शन की व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। उनके सानिध्य में सुंदरकाण्ड के 108 सामूहिक पाठ, महाआरती, भक्तों को दर्शन और युवाओं के लिए विशेष आशीर्वचन के कार्यक्रम होंगे। रविवार 22 नवम्बर को गीता भवन में शहर की 125 से अधिक धार्मिक सामाजिक संस्था और ट्रस्ट मंडलों की ओर से जगद्गुरु का नागरिक अभिनन्दन किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को भी आयोजन का न्यौता दिया गया है। 23 नवम्बर को वे संगम नगर में भक्तों को दर्शन और आशीर्वचन के बाद शाम 4.30 बजे युवा संवाद कार्यक्रम में युवाओं को प्रेरक उद्बोधन देकर महेश्वर के लिए प्रस्थित हो जाएँगे।

भगवान राजराजेश्वर सहस्त्रार्जुन की महाआरती



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। भगवान राजराजेश्वर सहस्त्रार्जुन की जयंती



पर कल कलचुरी समाजजनों ने अभिषेक पूजन एवं महाआरती, प्रसादी का आयोजन किया। सहस्त्रार्जुन धाम ग्राम सुखलिया में माल्यार्पण किया। गीता भवन में धार्मिक आयोजन हुए। अर्चना जायसवाल, प्रदीप जायसवाल, विपुल राजेंद्र जायसवाल, मधुर राजेंद्र जायसवाल, अनुज प्रदीप जायसवाल, प्रहलाद जायसवाल, अशोक जायसवाल, सोहन राय, दीपक चौकसे, पुरुषोत्तम मालवीय उपस्थित थे।

वहीं श्री सहस्त्रबाहु अर्जुन प्रक्टोत्सव सेवा समिति द्वारा भी भगवान श्री सहस्त्रबाहु अर्जुन के जन्म अवसर पर भगवान का पूजन, छप्पन भोग, आरती का आयोजन किया गया। प्रहलाद चौकसे, सोहन राय, शैलेन्द्र चौकसे, राजेश चौकसे, गौरव जायसवाल, धनराज राय, सूरज जायसवाल, नरेन्द्र चौकसे, गन्नी चौकसे, हरीश मालवीय, पंकज राय, रॉकी चौकसे सहित अन्य मौजूद थे।

डॉ. शरद पंडित पर आधारित कार्यक्रम 'शरदामृत'

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं समाजसेवी डॉ. शरद पंडित की दीर्घ चिकित्सा सेवा, सामाजिक योगदान और जीवन मूल्यों को समर्पित विशेष आयोजन 'शरदामृत' स्वामी प्रबोधानंद महाराज की उपस्थिति में आयोजित किया गया। संचालन संजय पटेल ने किया।

शर्मा के संरक्षक बनने पर सम्मान



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। गौड़ ब्राह्मण संघ ने डॉ. भरत शर्मा को संरक्षक मनोनीत कर उनको दायित्व देकर सम्मानित भी किया।

सर्वधर्म दीपावली मिलन



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। सर्वधर्म दीपावली मिलन का आयोजन खजराना स्थित आनंद मोहन माथुर उर्दू लाइब्रेरी में आयोजित किया गया। डॉ. विपिन त्रिपाठी, शाहिद खान, इस्माइल खान, फादर पायस, कपिल जारवल, प्रणिता दीक्षित, सलीम अंसारी, शफी मोहम्मद शेख, तारीक शेख, प्रमोद नामदेव मौजूद थे।

18 वर्षीय मुमुक्षु मोक्षभाई को मिलेगा संयम मुहूर्त

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। चातुर्मास में सेवा देने वाले राजेश जैन युवा का बहुमान जैन समाज में चर्चा का विषय बना रहा। राजेश जैन ने बताया कि केसरी वाटिका में 18 नवम्बर को 18 वर्षीय मुमुक्षु मोक्षभाई को संयम मुहूर्त मिलेगा। 18 वर्ष की आयु में सांसारिक सुख-सुविधाओं से ऊपर उठकर आत्मसाधना का मार्ग चुनने का उनका निर्णय युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणादायी है। वहीं श्रीमद् विजय नित्यसेनसूरीश्वर म.सा. और ठाणा, साध्वी मंडल का तिलक नगर स्थित श्री राजेंद्रसूरि आराधना भवन, गुरुमंदिर में आगमन हुआ।समाजजनों ने अगवानी की।



मुस्लिम समाजजन करेंगे सालाना सुन्नी इज्तिमा में शिरकत

खजराना में होगा दो दिवसीय आयोजन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। खजराना स्थित वादिया नूर दरगाह मैदान में 28 एवं 29 नवंबर को दो दिवसीय सालाना सुन्नी इज्तिमा आयोजित किया जाएगा। तिलावत, नात, बयानात और खुसूसी दुआ, शब-बेदारी, जमात-ए-तहज्जुद और इज्तिमा की महफिल सजेगी। शुरुआत 28 नवंबर को तहज्जुद के समय होगी और समापन 29 नवंबर को ईशा की नमाज के बाद होगा और दुआ भी की जाएगी।







कपल किटी ग्रुप ने किया मिलन आयोजन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। जावरा कंपाउंड पारिवारिक कपल किटी ग्रुप द्वारा दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। गीत-संगीत और मनोरंजन कार्यक्रम के साथ प्रतियोगी गैम भी खिलाए गए। संजय अरोडा,केदार सारंडा, राजेश दोशी, गिरीश गुप्ता, राजेश डोशी मौजूद थे।

100 प्रतिभागियों ने प्रस्तुत किए रिसर्च प्रोजेक्ट

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। आईपीएस एकेडमी के इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट एंड रिसर्च द्वारा सातवीं अंतरराष्ट्रीय इंटर्नशिप एवं रिसर्च प्रोजेक्ट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता 'प्रकल्प' के आयोजन में देश-विदेश के लगभग 100 प्रतिभागियों ने एचआर, मार्केटिंग, फाइनेंस और जनरल मैनेजमेंट सहित विभिन्न विषयों पर अपने रिसर्च पेपर एवं प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों, संस्थानों और अंतरराष्ट्रीय कंपनियों से जुड़े शिक्षाविदों एवं उद्योग विशेषज्ञों ने निर्णायक और विषय विशेषज्ञ के रूप में सहभागिता की। निषित जैन, योगेन्द्र जैन, डॉ. पल्लवी मुखर्जी, डॉ. एसपी त्रिपाठी, डॉ. बरखा अग्रवाल, डॉ. तारिका नांदेडकर, प्रो. श्वेता व्यास, अजीत सलूजा, लोकेश वर्मा, डॉ. विवेकसिंह कुशवाह, गोकुल बी. रजत पी. रिथिश,शशांक पिले, गोपिका मौजूद थे।

ब्राह्मण समाजजन रहे 108 दीपों से आरती में मौजूद



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। आद्य गौड़ ब्राह्मण सेवा न्यास द्वारा आयोजित अन्नकूट महोत्सव 'तेरा तुझको अर्पण' का आयोजन बाबाश्री रिसोर्ट पर किया गया। छप्पन भोग और 108 दीपों से महाआरती के आयोजन में ब्राह्मण समाजजन मौजूद रहे। संत और राजनेता मौजूद रहे।

खाटू श्याम बाबा का दरबार सजा, महाआरती भी

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। उज्जैन रोड रेवती हिल्स कॉलोनी में दीपावली मिलन का आयोजन हुआ। खाटू श्याम बाबा का दरबार सजाया, ज्योत भी जली, कीर्तन भी हुए, महाआरती और प्रसादी का आयोजन भी हुआ। गोपाल गोयल,पुरुषोत्तम गर्ग, शिव गर्ग, अभिषेक गोयल, दीपक बागवान, उमा गोयल सहित अन्य मौजूद थे। बडी संख्या में बाबा के भक्तों ने शिरकत की।

कार्यपरिषद में हुई थी तकरार, डीएवीवी ने बना दी मजबूत सुरक्षा दीवार

तक्षशिला परिसर अब 15 फीट ऊंची मजबूत दीवार से घिरा, काम हुआ पूरा

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी की जमीन पर लगातार कब्जे की शिकायतों को लेकर पिछले साल कार्यपरिषद बैठक में बवाल मचा था। जमकर तकरार हुई थी। अब डीएवीवी ने अपने खंडवा रोड स्थित तक्षशिला परिसर को पूरी तरह सुरक्षित कर दिया है। मजबूत सुरक्षा दीवार बनकर तैयार हो गई है। यह करीब 15 फीट ऊंची है। अब यहां कोई नहीं घुस सकेगा, न कोई भीतर की तरफ गुमटियां लगा सकेगा। डीएवीवी ने भंवरकुआं चौराहे से आईटी पार्क चौराहे तक के हिस्से में मजबूत सुरक्षा दीवार बनाकर तैयार कर दी है।

ऐसे मचा था बवाल

लगातार कब्जे और सुरक्षित दीवार नहीं होने पर तब सदस्यों ने जमकर नाराजगी जताई थी। यही नहीं अन्य विभागों को अलॉट किए जाने का मुद्दा कार्यपरिषद की बैठक में चर्चा में रहा था। बैठक में इस मुद्दें पर सदस्यों के बीच काफी देर चर्चा हुई थी। सदस्यों ने यूनिवर्सिटी प्रशासन से कहा कि किसी भी स्थिति में यूनिवर्सिटी की एक इंच जमीन भी अब किसी के पास नहीं जाना चाहिए। पुराने कब्जे,



अतिक्रमण भी हटाने की मुहिम शुरू की जानी चाहिए। तय किया गया था कि अब एक इंच जमीन भी कार्यपरिषद की मंजूरी के बाद ही किसी विभाग को दी जाएगी। जमीन से जुड़े निर्णय कार्यपरिषद ही करेगी। कुलपति प्रो. राकेश सिंघई ने कहा था कि कई प्रोजेक्ट व नए विभागों के लिए जमीन की जरूरत है, इसलिए अब जमीनों को अतिक्रमण मुक्त किए जाने पर भी काम शुरू करेंगे।

अतिक्रमण का मुद्दा डीएवीवी में पिछले कई सालों से चर्चा में है। इसकी राजभवन व मुख्यमंत्री से भी लिखित शिकायत की गई थी। उसके बाद प्रोफेसर भी मैदान में आ गए थे। उन्होंने कहा था कि नालंदा कैंपस के बाद अब धीरे-धीरे तक्षशिला परिसर में भी कब्जों का डर है। जहां अतिक्रमण की स्थिति बनती दिख रही है, वहां नए विभागों के भवन बनाने का प्रस्ताव तैयार किया जा सकता है। डीएवीवी को स्कूल ऑफ एविएशन व एक स्कूल ऑफ आर्किटेक्ट शुरू किया गया है। इनके नए भवन बनाए जाना है। कार्यपरिषद की बैठक में एक सदस्य ने यह मुद्दा उठाया था और कहा था कि यूनिवर्सिटी को अब जमीन बचाने पर गंभीरता से काम करना चाहिए। कुलपति ने कहा था कि अब जमीन संबंधी निर्णय कार्यपरिषद की सहमति से ही होंगे। तब बैठक में कुलपति ने यूटीडी में चल रही रिसर्च पर अपना प्रेंजेटेशन दिया था। उन्होंने बताया था कि एएनआरएफ में आईआईटी इंदौर के साथ सक्षम परियोजना के अंतर्गत लगभग 25 करोड़ की राशि विश्वविद्यालय को प्राप्त हुई है। जबकि फैकल्टी द्वारा किए जाने वाले शोध, रिसर्च पब्लिकेशन, पेटेंट के बारे में भी उन्होंने विस्तार से बताया था।

48 हेडकांस्टेबलों को अगले साल मिलेगी घर की सौगात

पुराने घरों में रहने वाले पुलिसकर्मी लंबे समय से कर रहे थे मांग



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। थाना जूनी इंदौर के 48 पुलिस कर्मियों को आने वाले नए साल में बेहद जल्द थाना परिसर में ही खाली पड़ी जगह पर नए घर की सौगात मिलने वाली है। जिसके लिए मध्य प्रदेश पुलिस प्रशासन की अनुशंसा और लगातार मांग पर शासन द्वारा लगभग 9 करोड़ 26 लाख रुपए से ज्यादा की लागत से आधुनिक सुविधाओं वाली नवीन बिल्डिंग निर्माण संबंधित कार्य इसी साल में बेहद जल्द शुरू करने की तैयारी भी शुरू कर दी है। जिसके लिए सबसे पहले पुलिस प्रशासन द्वारा टेंडर प्रक्रिया के तहत नई बिल्डिंग निर्माण के लिए ऑनलाइन निविदा जारी कर दी गई है। इसके बाद अगले माह में निविदा संबंधित प्रक्रिया पूरी होते ही थाना जूनी इंदौर से जुड़े 48 हेड कांस्टेबल पुलिस कर्मियों के लिए थाना परिसर के पास में स्थित खाली जगह में नई इमारत निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। जिसका लाभ पुलिस कर्मियों के परिवारों को भी मिलेगा।

बड़ी बात यह है कि सालों से पुराने पुलिस क्वार्टर में रहने वाले थाने से जुड़े पुलिसकर्मी अपने वरिष्ठ अफसरों से पुराने क्वार्टर में नवीनीकरण या नए आधुनिक सुविधाओं वाले क्वार्टर देने की मांग लगातार अपने अधीन अफसरों से नए घरों की मांग कर रहे थे। जिस पर अब लंबे समय चल रही प्रक्रिया के बाद शासन से मंजूरी मिलने के बाद टेंडर संबंधित प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। प्रोजेक्ट से जुड़े अफसरों का कहना है कि निविदा संबधित प्रक्रिया पूरी होने के बाद इसी साल में बेहद जल्द नई बिल्डिंग निर्माण संबंधित कार्य भी जल्द शुरू कर दिए जाएंगें। जिसका लाभ पुलिसकर्मियों के परिवारों को आने वाले साल में मिलेगा।

गोयल को मिला आइकॉन अवार्ड



धार (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। धार के सामाजिक व्यक्तित्व एवं भोजशाला प्रकरण के याचिकाकर्ता आशीष गोयल को अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन द्वारा प्रतिष्ठित महाराजा अग्रसेन ग्लोबल आइकॉन अवॉर्डस से दिल्ली में सम्मानित किया। भोजशाला को मंदिर घोषित कर माँ वाग्देवी की पुनर्स्थापना के कानूनी संघर्ष और सामाजिक योगदान का अंतरराष्ट्रीय मंच पर सम्मान हुआ।

कमेटी बना दी, लेकिन निरीक्षण कब होगा? प्रयोग बन के न रह जाए

डीएवीवी की औपचारिकता या नशे पर सच में वार?

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी के 30 टीचिंग विभागों व 15 से ज्यादा होस्टलों में नशे पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए बनाई गई कमेटी व स्पेशल उड़नदस्ता क्या काम करेगा, इसे लेकर सवाल उठ रहे हैं। टीम कब निरीक्षण करेगी? क्या सच में सख्ती होगी? क्या कारवाई होगी? ऐसे कई सवाल हैं। कहा तो ये गया है कि स्पेशल दस्ता अब शाम या रात के समय किसी भी होस्टल में पहुंचकर आकस्मिक निरीक्षण करेगा। दिन के समय किसी भी टीचिंग विभाग में पहुंचकर टीम निरीक्षण करेगी। इस दौरान कोई छात्र या छात्रा नशा करते पाए जाते हैं तो कार्रवाई होगी। लेकिन सवाल ये है कि अगर ये 2029 तक नशा मुक्त राज्य बनने की दिशा में कदम है तो फिर सख्ती होगी या नहीं?

ये होगा अब?

दावा है कि अब छात्रों की नशे से जुड़ी गतिविधियों पर सीसीटीवी के जरिए नजर रखी जाएगी। डीएवीवी में आईईटी, आईएमएस, आईआईपीएस व स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स जैसे बड़े इंस्टिट्यूट के साथ ही सभी विभागों में सीसीटीवी लगे हैं। अब विभागाध्यक्ष व विभिन्न कमेटियां इसके जरिए भी नशे की गतिविधि पर नजर रखेंगी। सबसे ज्यादा फोकस होस्टलों पर रहेगा। यहां वार्डन व चीफ वार्डन के साथ समन्वय कर, टीम आकस्मिक निरीक्षण करेगी। पहली बार कार्रवाई यूनिवर्सिटी स्तर पर नहीं, बल्कि शासन स्तर पर होगी।

सरकार से क्या मिले निर्देश?

शासन की तरफ से मिले निर्देश के बाद सभी समन्वयकों के जरिए 5 सदस्यीय अलग-अलग कमेटियों का गठन किया जा रहा है। इसमें 3 शिक्षक एवं 2 पीजी छात्र शामिल रहेंगे।

ऐसे होगी नशे के खिलाफ मॉनिटरिंग, जागरूकता अभियान भी चलेगा

नशा मुक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष व्याख्यान आयोजित किए जाएंगे। इसमें छात्रों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित होगी। इसके अलावा नशा मुक्ति प्रतिज्ञा दिलाई जाएगी। कैंपस इको सिस्टम बनाए जाएंगे। स्वास्थ्य विशेषज्ञों, मनोवैज्ञानिकों एवं जिम्मेदार नागरिकों को साथ लेकर क्लब आधारित गतिविधियां चलाई जाएंगी। अब विश्वविद्यालय में ही एक समय पर दीक्षारंभ कार्यक्रम खेल आयोजन, सांस्कृतिक व दीक्षांत समारोह होंगे, उसमें भी नशा रोकने के अभियान को प्राथमिकता पर रखा जाएगा। नशा रोकने के लिए बनाए गए उड़नदस्ते में छात्र कल्याण डीन डॉ. लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, चीफ वार्डन, जीएल प्रजापति, एसएसएस समन्वयक डॉ. प्रकाश गढ़वाल, प्रो. सुरेश पाटीदार, प्रो. सखाराम मुजाल्दे व 2 पीजी छात्र एवं 2 रिसर्च स्कॉलर शामिल किए गए हैं।

केन्द्रीय गृह मंत्री कर चुके हैं घोषणा?

नशे को रोकने के लिए पहली बार शासन के निर्देश पर ये ठोस कदम उठाए गए हैं। क्योंकि प्रदेश में आकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह खुद 29 तक नशा मुक्त राज्य बनाने की घोषणा कर चुके हैं, लेकिन दूसरी तरफ हमारी यूनिवर्सिटी के होस्टलों में नशा रोकना सबसे बड़ी चुनौती है। पिछले तीन सालों में अब तक विभागों व होस्टलों में नशा व रैगिंग से जुड़ी 31 शिकायतें सामने आई हैं। इनमें से 26 में नशा ही मुख्य कारण रहा। इसके अलावा मारपीट व छात्रों के दो गुटों में झगड़ों से जुड़ी 20 से ज्यादा शिकायतें आई हैं। इनमें भी 10 से ज्यादा में वजह नशा ही रहा। हालांकि यूनिवर्सिटी ने अलग-अलग स्तर पर कार्रवाई की है। इसमें इन तीन सालों में 65 छात्रों को निलंबित किया गया है, जबकि 34 के खिलाफ अलग-अलग मामलों में एफआईआर भी हुई है।

पीडब्ल्यूडी न्यायालय परिसर में मातृ-शिशु देखभाल कक्ष का शुरू करेगा निर्माण

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

लोक निर्माण विभाग द्वारा अब आने वाले दिनों में बेहद जल्द अंबेडकर नगर महू में स्थित न्यायालय परिसर कोर्ट में मातृ शिशु देखभाल नवीन कक्ष का नवनिर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। जिसका लाभ न्यायालय परिसर में आने वाली मातृशक्तियों को मिलेगा। गर्मी और धूप के साथ ठंड और बारिश के दौरान महिलाएं आराम से मातृ-शिशु कक्ष में अपने बच्चे को दूध पिलाने और सुलाने का कार्य बगैर किसी संकोच के भीड़भाड़ से दूर शांत व्यवस्थित तरीके से कक्ष में कर सकेंगी जिसको लेकर विभाग ने नवीन आधुनिक सुविधाओं वाले मातृ शिशु कक्ष निर्माण कार्य की रूपरेखा बनाकर निर्माण कार्य शुरू करने की तैयारी भी शुरू कर दी है। जिसका लाभ मातृशक्तियों को अगले साल से मिलना शुरू हो जाएगा, जिसका वर्तमान में बेहद जल्द निर्माण कार्य शुरू होने वाला है।



संपादकीय

जलवायु परिवर्तन का बढ़ता खतरा, गर्भ में पल रहे बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए क्यों बन रहा है नासूर?

जलवायु परिवर्तन की मार अब गर्भवती महिलाओं और अजन्मे बच्चों पर पड़ रही है। भीषण गर्मी और लू से प्री-मैच्योर डिलीवरी का खतरा बढ़ गया है। मातृ-शिशु सुरक्षा आज की सबसे बड़ी जरूरत है। जलवायु परिवर्तन से उपजे हालात की चिंता अब मौसम, खेती और समुद्र के बढ़ते स्तर तक सीमित नहीं रह सकती। इसकी तपिश गर्भवती महिलाओं और गर्भस्थ शिशुओं के स्वास्थ्य पर भी पड़ रही है। अत्यधिक गर्मी से समयपूर्व प्रसव, मृत शिशु के जन्म और कम वजन के साथ जन्म का जोखिम बढ़ सकता है। जलवायु सम्मेलन यानी सीओपी 31 में विशेषज्ञों ने इसी संकट पर ध्यान खींचा है। गर्भावस्था में शरीर पर अतिरिक्त दबाव रहता है। लू, निर्जलीकरण और अत्यधिक तापमान इसे बढ़ा सकते हैं। खेतों, निर्माण स्थलों और खुले में दिहाड़ी करने वाली गर्भवती महिलाओं को काम रोकने पर आमदनी गंवाने का डर रहता है। झुग्गियों व कम हवादार घरों में रहने वाली महिलाओं के पास ठंडक व स्वच्छ पानी के साधन सीमित होते हैं। हालांकि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष ने मई 2026 में गर्भावस्था के दौरान गर्मी से बचाव के लिए स्वास्थ्यकर्मियों तथा समुदाय के वास्ते दिशा-निर्देश जारी किए थे। अब असली चुनौती उन पर अमल की है। फिलहाल जरूरत इस बात की है कि कामकाजी महिलाओं के लिए विश्राम, छाया, पानी और भीषण गर्मी में काम से राहत सुनिश्चित हो। गर्भावस्था, प्रसव और नवजात के स्वास्थ्य के आंकड़ों का तापमान संबंधी आंकड़ों से मिलान हो, ताकि जोखिम की पहचान हो सके। जलवायु वित्त का पर्याप्त हिस्सा मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को मिलना चाहिए। गर्भधारण से बच्चे के दो वर्ष तक के शुरुआती एक हजार दिन भविष्य की नींव हैं। जलवायु अनुकूलन की सफलता का पैमाना केवल बुनियादी ढांचा नहीं, मां और बच्चे की सुरक्षा भी होनी चाहिए। अजन्मे जीवन को बचाना पर्यावरण नीति नहीं, सार्वजनिक स्वास्थ्य और सामाजिक न्याय की जिम्मेदारी है। यह चेतावनी है और प्रमाण भी, मगर कमी इच्छाशक्ति और धन की है। देशों को गर्भवती महिलाओं पर गर्मी के असर का रिकार्ड रखना, स्वास्थ्यकर्मियों के लिए दिशा-निर्देश बनाना और जलवायु वित्त में स्वास्थ्य का हिस्सा बढ़ाने की जरूरत है। जलवायु की फिक्र के बीच अनुकूलन का मतलब केवल बांध और तटबंध नहीं, उस मां की सुरक्षा भी है जो तपते दिन में काम पर निकलती है। जो पीढ़ी अभी गर्भ में है, उसका भविष्य आज की तैयारी पर टिका है। पिछले कई सालों से लगातार इस मौसम में प्रदूषण एक संकट के रूप में खड़ा हो जाता है। यह एक खुला तथ्य है कि इसके बावजूद न तो सरकार को एहतियाती कदमों को लेकर गंभीर होना जरूरी लगता है, न ही आम लोग अपने स्तर पर इस समस्या के कारणों पर नियंत्रण की कोशिश करते हैं। खासतौर पर दिवाली के त्योहार के मौके पर लोगों के भीतर जिस तरह की लापरवाही देखी जाती है, वह हैरान करने वाली होती है।

नगर निगम मुख्यालय की ग्रीन बिल्डिंग के लिए नहीं मिला लोन, प्रोजेक्ट ठंडे बस्ते में

350 करोड़ रुपए से दो नई बिल्डिंग बनाने की थी योजना महापौर ने बजट में की थी घोषणा

इंदौर। नगर निगम मुख्यालय में दो नई ग्रीन बिल्डिंग बनाने की महापौर पुष्यमित्र भार्गव की महत्वाकांक्षी योजना फिलहाल खटाई में पड़ गई है। करीब 350 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली इन दोनों बिल्डिंगों के लिए निगम को लोन नहीं मिल पाया है। महापौर ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट में इसकी घोषणा की थी। योजना के तहत अमृत योजना से लोन लेकर निर्माण कराने की तैयारी थी, लेकिन वित्तीय संस्थाओं की सख्त शर्तों और महंगे कर्ज के प्रस्ताव के कारण निगम ने फिलहाल कदम पीछे खींच लिए हैं।

अमृत योजना से लोन लेने की थी तैयारी

नगर निगम इन दोनों बिल्डिंगों का निर्माण ग्रीन बिल्डिंग कॉन्सेप्ट पर करना चाहता है। इसके लिए अमृत योजना के तहत करीब 350 करोड़ रुपए का लोन लेने की योजना बनाई गई थी। हालांकि, लोन देने वाली वित्तीय संस्थाओं ने कड़ी शर्तें रखीं। निगम अधिकारियों को लगा कि इस कर्ज का असर अमृत योजना के दूसरे कामों पर भी पड़ सकता है। इसके बाद इस मद से बिल्डिंग निर्माण के लिए लोन लेने की योजना टाल दी गई।

डीपीआर के बाद तलाशेंगे दूसरी राह

फिलहाल निगम के सामने सबसे बड़ी चुनौती 350 करोड़ रुपए की व्यवस्था करना है। इसके लिए पूरे प्रोजेक्ट की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की जानी है। डीपीआर बनने के बाद दूसरी वित्तीय संस्थाओं से लोन के लिए संपर्क किया जाएगा। हालांकि, यह प्रक्रिया अभी शुरुआती स्तर पर भी आगे नहीं बढ़ पाई है। निगम महंगी ब्याज दरों पर कर्ज लेकर अपनी आर्थिक स्थिति पर अतिरिक्त बोझ नहीं डालना चाहता।

पहले से पांच लोन का बोझ

नगर निगम की आर्थिक स्थिति पहले से ही कई कर्जों की किस्त चुकाने के कारण दबाव में है। पुराने पांच लोन की किस्तें वर्ष 2028 तक पूरी होंगी। इसके बाद अमृत योजना के तहत लिए गए करीब 1320 करोड़ रुपए के लोन की किस्तों का भुगतान शुरू होना है। ऐसे में नया 350 करोड़ रुपए का कर्ज लेना निगम के लिए मुश्किल फैसला बन गया है। चुंगी क्षतिपूर्ति के रूप में राज्य शासन से मिलने वाली राशि भी निगम की जरूरतों के मुकाबले पर्याप्त नहीं है।

पहली बिल्डिंग भी दस साल में अधूरी

हैरानी की बात यह है कि नगर निगम की पहली बिल्डिंग का निर्माण पिछले करीब दस वर्षों से चल रहा है और अब तक पूरी तरह तैयार नहीं हो पाया है। अभी भी रंग-रोगन, सजावट और इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े कई काम बाकी हैं। ऐसे में पहली बिल्डिंग पूरी होने से पहले दो नई बिल्डिंगों की घोषणा और अब उनके लिए वित्तीय व्यवस्था नहीं हो पाना निगम की प्राथमिकताओं और आर्थिक प्रबंधन पर सवाल खड़े कर रहा है।

ग्रीन बेल्ट में बगीचे के चारों और सुरक्षा बाउंड्रीवाल

अब सौंदर्यकरण कार्य के साथ सुविधाएं जुटाने की बारी



इंदौर। विधानसभा 5 में वार्ड क्रमांक 54 अंतर्गत सर्विस रोड़ के पास इंदिरा एकता नगर क्षेत्र में रहवासियों की मांग पर सर्विस रोड से जुड़े ग्रीन बेल्ट के हिस्से में शिव मंदिर के पास आकर्षक बगीचे के लिए चारों ओर सुरक्षा बाउंड्री वॉल निर्माण का कार्य पूरा हो चुका है। वहीं अब इस नवीन बगीचे में क्षेत्र के लोगों के लिए ग्रीनरी के लिए एक से बढ़कर एक फलदार और छायादार पेड़-पौधे लगाकर बगीचा तैयार किया जा रहा है। इसके अलावा सौंदर्यकरण और सजाने-संवारने के कार्य भी किए जाएंगे। साथ ही इस नवीन बगीचे में आने वाले लोगों के लिए सुविधाएं भी जुटाई जाएगी।

नवीन बगीचे में वाकिंग ट्रैक की भी दिखने लगी झलक

सौंदर्यकरण कार्य के अंतर्गत सुबह-शाम घूमने आने वालों के लिए आकर्षक ब्लॉक लगाकर लंबा-चौड़ा वाकिंग ट्रैक भी बनाया जा रहा है ताकि लोग यहां आराम से घूम सकेंगे। इसके अलावा शानदार बैठक व्यवस्था के लिए रंगीन बेचें भी लगाई जाएगी। गौरतलब है कि इसी साल गर्मी के मौसम में विधायक महेंद्र हार्डिया और क्षेत्रीय पार्षद महेश बसवाल द्वारा क्षेत्र की जनता की मांग पर सर्व सुविधा युक्त बगीचा बनाने के लिए लगातार प्रयास कर ग्रीन बेल्ट की खाली जगह पर शिव मंदिर के पास आकर्षक बगीचे के लिए सर्वप्रथम सुरक्षा बाउंड्रीवाल का निर्माण शुरू किया गया था। उसके ऊपर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने लिए लोहे की जालियां भी लगाई गई। वहीं अब हरियाली के लिए यहां निगम और जन सहयोग से पेड़-पौधे लगाने का काम भी शुरू किया जा रहा है। साथ ही सुविधाओं में विस्तार कर बैठक व्यवस्था के लिए बेचें लगाने और पाथवे निर्माण भी किया जा रहा है। यही नहीं लाखों रुपए खर्चकर तैयार बगीचे में रोशनी के लिए लाइटिंग लगाने की भी तैयारी है। साथ ही विधायक महेंद्र हार्डिया के सहयोग जिम के आधुनिक उपकरण लगाकर स्वास्थ्य संबधित सेहतमंद रखने के लिए जिम के उपकरण लगाने की सुविधा भी देने की तैयारी है।

नायता मुंडला बस टर्मिनल के पास नया चार्जिंग स्टेशन तैयार : अब देवासनाका के पास भी सौगात की तैयारी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

एक साथ 20 से ज्यादा इलेक्ट्रिक बसें हैवी चार्जिंग सिस्टम से हो रही चार्ज

नायता मुंडला में नए बस टर्मिनल के पास लंबे समय से तैयार हो रहा चार्जिंग स्टेशन की शुरुआत हो गई है। यहां से रोज़ाना दिनभर में 60 से ज्यादा नई इलेक्ट्रिक बसें एक ही छत के नीचे आसानी से चार्ज हो रही है। साथ ही यहां करीब 50 से ज्यादा बसें पार्किंग में आसानी से खड़ी भी हो रही है। इन दिनों हैवी चार्जिंग सिस्टम से बेहद कम समय में बसें यहां चार्ज हो रही है। यहां ए आई सिटीसीएलएस द्वारा हाल ही में नवीन चार्जिंग स्टेशन के निर्माण का कार्य पूरा कर शुरू भी कर दिया गया है। इस चार्जिंग स्टेशन पर 20 से ज्यादा इलेक्ट्रिक बसों को एक साथ चार्ज किया जा रहा है। यही नहीं यहां चार्जिंग पर आ रही अन्य बसें भी पार्किंग में व्यवस्थित खड़ी करने की भी व्यवस्था है। इसके अलावा ड्राइवरों के आराम के लिए भी नए रूम भी तैयार हो रहे है। जहां ड्रायवर और कंडक्टर आराम भी कर सकेंगे।

गौरतलब है कि प्रदेश सरकार और इंदौर नगर निगम के प्रयासों से जल्द इंदौर शहर में केंद्र सरकार की ओर से पिछले दिनों करीब 100 के आसपास इलेक्ट्रिक बसें मिली थी। वहीं अब आने वाले दिनों में इंदौर शहर को और भी 50 इलेक्ट्रिक बसें मिलने वाली है। जिसके रख-रखाव और चार्जिंग करने की सुविधा और व्यवस्था में विस्तार के लिए निगम ने चार्जिंग स्टेशन की संख्या बढ़ाते हुए नवीन चार्जिंग स्टेशन के निर्माण का कार्य पिछले दिनों प्रारंभ कर दिया है।

जिसके तहत आईडीए द्वारा नायता मुंडला में करोड़ों की लागत से निर्मित नवीन बस टर्मिनल के पास खाली खगह में इन दिनों इलैक्ट्रिक बसों के चार्जिंग के लिए नए स्टेशन का निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा विजय नगर डिपो के पास भी एक चार्जिंग स्टेशन बनकर लगभग तैयार है।

गौरतलब है कि वर्तमान में राजीव गांधी चौराहे के पास सबसे पुराना इलेक्ट्रिक बसों को चार्ज करने का लंबा-चौड़ा चार्जिंग स्टेशन पहले से बना हुआ है। इसके अलावा नेहरू पार्क में भी एक चार्जिंग स्टेशन बनाया गया है। वहीं खजराना गणेश मंदिर और विजयनगर डिपो के साथ अब नायता मुंडला में भी एक और चार्जिंग स्टेशन का निर्माण किया जा रहा है ताकि भविष्य में इंदौर शहर में जब इलेक्ट्रिक बसों की संख्या बढ़ेगी तो इन्हें चार्ज करने के लिए नए स्टेशन काम आएंगे। जबकि अभी शहर में करीब 100 से ज्यादा इलेक्ट्रिक बसें चल रही है, और आने वाले दिनों में 50 से ज्यादा और इलेक्ट्रिक बसें शुरू होने वाली है। जिन्हें रखना और चार्जिंग करने के लिए शहर में और चार्जिंग स्टेशनों की जरूरत पड़ेगी। उसी हिसाब से निगम द्वारा नए चार्जिंग स्टेशन का निर्माण कार्य शुरू कर दिया है ताकि भविष्य में बसों की संख्या बढ़ने पर उन्हें चार्ज करने में किसी तरह की परेशानी न आए।

सोना-चांदी के आज के भाव



गोल्ड कैश	एमसीएक्स
138600	134850
सिल्वर कैश	एमसीएक्स
172100	168700

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है

▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

मयंक, प्रत्यक्ष, अर्जुन, समवेद प्री-क्वाटरफानल में पहुंचे

इंदौर। मध्य प्रदेश टेनिस संघ के तत्वाधान में इंदौर टेनिस क्लब द्वारा आयोजित एवं साहिल ग्रुप द्वारा प्रायोजित तृतीय मध्य प्रदेष राज्य स्तरीय रैंकिंग टेनिस टूर्नामेन्ट में खेले गए मुख्य दौर के मैच में पुरुष वर्ग से इंदौर के मयंक राजन, खण्डवा के प्रत्यक्ष सोनी बालक वर्ग-12 वर्ष आयु से अर्जुन बिंद्रा, समवेद जोशी ने अपने अपने मुकाबले जीतकर प्री-क्वाटरफाइनल में जगह बना ली है। स्पर्धा का शुभारम्भ विपिन कंधारी, निदेशक, साहिल ग्रुप के आतिथ्य में किया गया। समारोह में अनिल धूपर, सचिव, म.प्र. टेनिस संघ, अनिल महाजन, अध्यक्ष म.प्र. टेनिस संघ हेमंत पटवा, ट्रस्टी, इंदौर टेनिस क्लब उपस्थित थे



। समारोह का संचालन इरफान अहमद द्वारा किया गया।

पुरुष एकल के मुख्य दौर में मयंक राजन (इंदौर) ने अमन भावसार (इंदौर) 6-2, 6-2 से, प्रत्यक्ष सोनी (खण्डवा) ने अर्जुन सतवानी (इंदौर) 6-1, 6-0 से, अर्थव मिश्रा (इंदौर) ने सुयश उचाडिया (ग्वालियर) 6-0, 6-1 से, अरनव खण्डेलवाल (इंदौर) ने आर्य भट्ट (महु) 6-2, 6-1 से हराया ।

बालक वर्ग-12 वर्ष आयु के मुख्य दौर में अर्जुन बिंद्रा (इंदौर) ने अर्जुन शर्मा (खरगोन) 9-2 से, समवेद जोशी (इंदौर) ने श्रेयश सिंह (खण्डवा) 9-3 से, ईशान शर्मा (ग्वालियर) ने अक्षज कुमार (इंदौर) 9-2 से, तनुशवीर जयसवाल (भोपाल) ने मेधांश मारापका (इंदौर) 9-4 से पराजित किया।

बालक वर्ग-18 वर्ष आयु के मुख्य दौर में यथार्थ यादव (खण्डवा) ने आर्य भट्ट (महु) 6-2, 6-4 से, निलेश वछानिया (इंदौर) ने भव्य चौधरी (इंदौर) 6-0, 6-0 से, जयदेव शर्मा (ग्वालियर) ने सुयश उचाडिया (ग्वालियर) 6-0, 6-0 से, मीतान्त झामनानी (महू) ने अयांश धुत (इंदौर) 6-2, 6-1 से पराजित किया।

खेलों को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार हरसंभव सहयोग करेगी : सीएम डॉ. यादव

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में खेलों को प्रोत्साहित करने और अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाएं विकसित करने के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी। किसी भी खेल की अकादमी स्थापित करने के लिए भूमि की आवश्यकता होने पर राज्य सरकार भूमि उपलब्ध कराने के लिए तैयार है। प्रदेश में प्रत्येक खेल को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कल इंदौर में भारतीय बिलियर्ड्स एवं स्नूकर महासंघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर आयोजित वर्ल्ड स्नूकर चैंपियनशिप-2026 के शुभारंभ समारोह में संबोधित कर रहे थे । उन्होंने कहा कि भारतीय बिलियर्ड्स एवं स्नूकर महासंघ के 100 वर्ष पूरे होना ऐतिहासिक उपलब्धि का अवसर है । इस महत्वपूर्ण पड़ाव पर महासंघ के पदाधिकारियों, खिलाड़ियों तथा मध्यप्रदेश बिलियर्ड्स एवं स्नूकर संघ को उन्होंने बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि यह मध्यप्रदेश के लिए गौरव की बात है कि तीन दिनों के भीतर प्रदेश में दो अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताएं आयोजित हो रही हैं। इंदौर में आयोजित इस विश्व स्तरीय प्रतियोगिता में लगभग 35 देशों के 150 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।



टेस्ट मैच देखने के लिए इतनी बजे उठना पड़ेगा

नई दिल्ली। टी20 और वनडे सीरीज में न्यूजीलैंड को धूल चटाने के बाद अब भारतीय क्रिकेट टीम अपने इस दौरे के सबसे कठिन और आखिरी पड़ाव यानी टेस्ट सीरीज के लिए तैयार है। रविवार को माउंट माउंगानुई में 22 रनों की रोमांचक जीत के साथ वनडे सीरीज पर 3-1 से कब्जा जमाने के बाद, अब शुभमन गिल की अगुवाई वाली टीम इंडिया 19 नवंबर से शुरू हो रही दो मैचों की टेस्ट सीरीज में कीवी टीम का सामना करेगी। हालांकि, इस हाई-वोल्टेज टेस्ट सीरीज का लाइव रोमांच देखने के लिए भारतीय क्रिकेट फैंस को अपनी मीठी नींद कुर्बान करनी होगी, क्योंकि न्यूजीलैंड के समय के अनुसार यह मुकाबला भारत में बेहद तड़के सुबह शुरू होगा।

भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहला टेस्ट मुकाबला गुरुवार, 19 से 23 नवंबर तक वेलिंग्टन के ऐतिहासिक बेसिन रिजर्व मैदान पर खेला जाएगा। न्यूजीलैंड के स्थानीय समय के मुताबिक यह मैच सुबह 11 बजे शुरू होगा। इसके चलते भारतीय समयानुसार यह मुकाबला सुबह 3:30 बजे शुरू हो जाएगा। यानी अगर भारतीय फैंस पहले सेशन और सुबह की स्विंग होती गेंदों का रोमांच लाइव देखना चाहते हैं, तो उन्हें कड़ाके की ठंड में तड़के 3:30 बजे का अलार्म लगाकर उठना होगा।

जूनियर राज्य बालक एवं बालिका सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप में इंदौर दोनों वर्गों में चैंपियन

इंदौर। बैतूल जिला सॉफ्टबॉल संघ एवं मध्यप्रदेश सॉफ्टबॉल संघ के संयुक्त तत्वावधान में मुल्ताई में आयोजित जूनियर राज्य बालक एवं बालिका सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप का समापन मुल्ताई के हाई स्कूल मैदान में हुआ ।जिसमें इंदौर जिला के बालक टीम एवं बालिका टीम ने दोनों वर्गों में स्वर्ण पदक हासिल किया । प्रतियोगिता के बालक वर्ग के मुकाबले में इंदौर ने नीमच को 5-0 से हराया , देवास को 3-2 से हराया , उज्जैन को 8-2 से हराया , और फाइनल मुकाबले में इंदौर ने बैतूल को 10-2 से हराकर स्वर्ण पदक जीता।

स्पर्धा में बालक वर्ग में कीर्तन गौड को बेस्ट पिचर एवं बालिका वर्ग में तनिषा गौड को बेस्ट



कैचर से सम्मानित किया गया।

बालिका वर्ग के मुकाबले में इंदौर ने ग्वालियर को 8-0 से हराया , उज्जैन को 5-0 से हराया , मुरैना की 8-2 से हराया , फाइनल मुकाबले में इंदौर ने बैतूल को 5-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता ।

इस अवसर पर डॉ प्रवीण अनावकर, राकेश मिश्रा , राजकुमार सहगल , चंद्रकांत संगोले, समीर गुप्ते, प्रदीप नरूलकर, विनोद रूनवाल , सविता पारखे, प्रवीण दवे, सुबोध चौरसिया , राहुल ठाकुर, विक्रांत आखरे , रवि सिंह चौहान , सोहेल खान ने बधाई दी।

पाकिस्तान को धूल चटाने के बाद पिता वीरेंद्र सहवाग संग बागेश्वर धाम पहुंचे आर्यवीर

नई दिल्ली। अंडर-19 एशिया कप 2026 के खिताबी मुकाबले में चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को मात देकर भारत को चैंपियन बनाने वाले युवा बल्लेबाज आर्यवीर सहवाग अपने पिता पूर्व दिग्गज क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग और भाई वेदांत के साथ मध्य प्रदेश स्थित बागेश्वर धाम पहुंचे। इस ऐतिहासिक जीत और टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन के बाद आर्यवीर ने परिवार के साथ आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया। सोमवार को बागेश्वर धाम सरकार के आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से इस मुलाकात की तस्वीरें साझा की गईं, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं।

धीरेंद्र शास्त्री ने की जमकर तारीफ

बागेश्वर धाम सरकार के इंस्टाग्राम पेज पर तस्वीरें शेयर करते हुए आर्यवीर की जमकर सराहना की गई। पोस्ट में लिखा गया कि 'होनहार बिरवान के होत चिकने पात, इसी कहावत को चरितार्थ किया है मुल्तान के सुल्तान नाम से विश्व प्रसिद्ध क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग के सुपुत्र और भारतीय क्रिकेट के सितारे आर्यवीर सहवाग ने, जिन्हें एशिया कप 2026 में पाकिस्तान को धूल चटाने में अहम योगदान के लिए प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट



दिया गया।' इस दौरान आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने युवा क्रिकेटर को अपने जीवन पथ पर अडिग रहने और सदैव कर्तव्यशील बने रहने का आशीर्वाद दिया।

आखिरी ओवर में जप रहे थे सीताराम-सीताराम

फाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ मिली 1 विकेट की रोमांचक जीत के बाद आर्यवीर ने पिता वीरेंद्र सहवाग से वीडियो कॉल पर बातचीत में मैदान के कई दिलचस्प किस्से भी साझा किए थे। आर्यवीर ने बताया था कि मैच के दौरान स्टेडियम में मौजूद पाकिस्तानी दर्शक भी 'सहवाग-सहवाग' के नारे लगा रहे थे। वहीं, 338 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए जब मुकाबला आखिरी ओवर में बेहद तनावपूर्ण मोड़ पर पहुंच गया था और जीत के लिए आखिरी गेंद पर 3 रन चाहिए थे, तब आर्यवीर लगातार 'सीताराम-सीताराम' का जाप कर रहे थे। इसके बाद मोहित उलवा ने चौका जड़कर भारत को यादगार जीत दिलाई थी।

राज्य जूनियर खो-खो प्रतियोगिता में हैप्पी वांडरर्स इंदौर का दोहरा खिताब

इंदौर। देवास में आयोजित 45वीं राज्य जूनियर खो-खो चैंपियनशिप 2026 में हैप्पी वांडरर्स इंदौर ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए बालक एवं बालिका दोनों वर्गों में विजेता बनने का गौरव हासिल किया। इस स्पर्धा में मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों की 20 बालक - बालिका की टीमो के लगभग 550 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। प्रतियोगिता में इंदौर की टीमों ने शानदार खेल, बेहतरीन तालमेल और उत्कृष्ट रणनीति का परिचय देते हुए अपनी श्रेष्ठता साबित की।

बालिका वर्ग के फाइनल मुकाबले में हैप्पी वांडरर्स इंदौर और श्योपुर के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया। इसमें हैप्पी वांडरर्स इंदौर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 9-8 के अंतर से जीत दर्ज कर राज्य चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। टीम की खिलाड़ी परी जारिया को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बेस्ट प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के सम्मान से नवाजा गया।

बालक वर्ग में भी हैप्पी वांडरर्स इंदौर का दबदबा कायम रहा। सेमीफाइनल मुकाबलों में पहला मुकाबला रामबाग अमेचर क्लब एवं ग्वालियर



जिला के बीच खेला गया, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में हैप्पी वांडरर्स इंदौर का सामना देवास जिले से हुआ। हैप्पी वांडरर्स ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए फाइनल में प्रवेश किया और खिताब अपने नाम किया। रामबाग एमेच्योर क्लब उपविजेता रहा।

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र राज पिता विष्णु योगी को पूर्व से ही मैंने मेरी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर चुका हूं। राज योगी के किसी भी प्रकार का लेनदेन, मुकदमा, कानूनी प्रक्रिया में मेरा एवं मेरे परिवार से कोई लेना देना नहीं रहेगा, अगर कोई भी व्यक्ति उससे लेनदेन या व्यवहार करता है तो वह स्वयं इसका जिम्मेदार रहेगा।

विष्णु पिता सूरज योगी
निवासी-5 पवनपुरी कालोनी पालदा, इन्दौर

राष्ट्रीय जूडो ब्लैक बेल्ट शिविर तथा परीक्षा हुई

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

भारतीय जूडो महासंघ के निर्देशन में मध्य प्रदेश जूडो एसोसिएशन द्वारा आयोजित 11 से 15 नवंबर तक गुरु हरकृष्ण पब्लिक स्कूल के स्पोर्ट्स हॉल में राष्ट्रीय जूडो ब्लैक बेल्ट शिविर एवं परीक्षा (वेस्ट जोन) तथा एनडीआईसी (नेशनल डिप्लोमा इन कोचिंग) का सफल आयोजन किया गया।

इस पांच दिवसीय राष्ट्रीय शिविर एवं परीक्षा में संपूर्ण वेस्ट जोन के वरिष्ठ महिला एवं पुरुष जूडो खिलाड़ियों तथा



प्रशिक्षकों ने बड़ी संख्या में उत्साहपूर्वक भाग लिया । ओलंपिक खेल जूडो की इस प्रतिष्ठित एवं कठिन परीक्षा में प्रतिभागियों की प्रायोगिक एवं लिखित परीक्षा आयोजित की गई। समापन समारोह के मुख्य अतिथि गुरु हरकृष्ण पब्लिक स्कूल के सीईओ सतविंदर सिंह माखीजा रहे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता मध्य प्रदेश जूडो एसोसिएशन के अध्यक्ष जगजीत सिंह संधू ने की ।

इस अवसर पर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष कुरुष दिनशॉ, सचिव नरेश टटवाड़े, कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था एवं संचालन की जिम्मेदारी संभालने वाली पूर्णिमा बीसे तथा शिविर के वरिष्ठ प्रशिक्षक सतीश पहाड़े, अरुण द्विवेदी, सुशील गायकवाड, एम. नागराजू एवं सतीशन उपस्थित रहे।

कपिल देव ने विराट के टेस्ट संन्यास के फैसले पर रखी राय

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव ने एक बार फिर विराट कोहली के टेस्ट संन्यास के फैसले पर अपनी बेबाक राय रखी है। मई 2025 में जब कोहली ने क्रिकेट के सबसे खूबसूरत माने जाने वाले फॉर्मेट को अलविदा कहकर पूरी दुनिया को चौंका दिया था तब से ही कपिल देव इस निर्णय पर अपनी निराशा जाहिर करते रहे हैं। 1983 वर्ल्ड कप विजेता कप्तान का मानना है कि कोहली की मौजूदा फिटनेस को देखते हुए उनका यह कदम बेहद जल्दबाजी भरा था और आने वाले 10 सालों में उन्हें अपने इस फैसले पर गहरा पछतावा होगा।

एक बातचीत के दौरान कपिल देव ने कोहली की शानदार फिटनेस की मिसाल देते हुए कहा, मुझे लगता है कि विराट कोहली ने सबसे बड़ी गलती की है, उन्होंने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया 10 साल बाद उन्हें अपने इस फैसले पर पछतावा होगा उन्हें संन्यास नहीं लेना चाहिए था । कोहली के पास गजब की फिटनेस है और उनकी फिटनेस किसी भी अन्य खिलाड़ी से कहीं बेहतर है वह फिटनेस के मामले में 25 साल के क्रिकेटर को भी चुनौती दे सकते हैं। गुस्से में



आकर संन्यास लेना सही नहीं है उन्हें मोहिंदर अमरनाथ की तरह बनना चाहिए जिन्हें कई बार टीम से बाहर किया गया लेकिन उन्होंने हर बार वापसी कर दूसरों को गलत साबित किया।

रोहित शर्मा पर भी रखी कपिल देव ने राय

विराट कोहली के अलावा कपिल देव ने टीम इंडिया के एक अन्य दिग्गज रोहित शर्मा के अंतरराष्ट्रीय भविष्य को लेकर भी खुलकर बात की। कोहली की तरह ही रोहित भी टी20 और टेस्ट क्रिकेट से दूरी बनाने के बाद अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर केवल वनडे में ही सक्रिय हैं। हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ समाप्त हुई वनडे सीरीज में दोनों ही दिग्गजों का बल्ला खामोश रहा जहां गेंदबाजों की मददगार पिचों पर रोहित शर्मा चार पारियों में दो बार शून्य पर आउट होने के साथ महज 30 रन ही जोड़ पाए।

आज खिताबी मुकाबले में भारत के सामने पाकिस्तान की चुनौती

नई दिल्ली। गत विजेता भारत की नजरें एक बार फिर सैफ चैंपियनशिप का खिताब जीतने पर हैं। मंगलवार को होने वाले फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम का सामना पाकिस्तान से होगा। भारत की कोशिश रिकॉर्ड 10वीं बार खिताब जीतने के साथ लगातार तीसरी बार चैंपियन बनने की होगी। वहीं, पाकिस्तान की टीम पहली बार इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची है और वह अपना ऐतिहासिक सफर खिताबी जीत के साथ खत्म करना चाहेगी।

भारत ने अब तक सैफ चैंपियनशिप में रिकॉर्ड नौ बार खिताब जीता है। टीम ने 1993, 1997, 1999, 2005, 2009, 2011, 2015, 2021 और 2023 में ट्रॉफी अपने नाम की थी। खास बात यह है कि इस बार भारत दूसरे दर्जे की टीम के साथ टूर्नामेंट में उतरा है, इसके बावजूद वह खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। दूसरी ओर, पाकिस्तान के लिए यह टूर्नामेंट अब तक यादगार रहा है। टीम इससे पहले चार बार सेमीफाइनल तक पहुंची थी, लेकिन कभी फाइनल में जगह नहीं बना सकी। साल 2018 में भी पाकिस्तान सेमीफाइनल तक पहुंचा था। इस बार उसने शनिवार को मेजबान बांग्लादेश को 1-0 से हराकर पहली बार फाइनल में प्रवेश किया।

एसएस कम्यून की शानदार जीत

इंदौर। आईडीसीए द्वारा प्रायोजित एवं आईडीसीए द्वारा आयोजित सी.के नायडू एक दिवसीय क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत एसएस कम्यून व एकेसीए के मध्य मैच खेला गया, जिसमें ऐकेसीए ने पहले खेलते हुए 50 ओवरो में 8 विकेट खोकर 383 रनों क विशाल स्कोर खडा किया।



निकुंज जैन ने 10 चौके व 9 छक्कों की मदद से आक्रामक 112 रन, वेदांत अवस्थी ने 10 चैको व 12 छक्को की मदद से आक्रामक 144 रनों का योगदान दिया। अमल, भूमेश व आराध्य ने 2-2 विकेट लिए । जवाब में एसएस कम्यून की टीम 49 ओवरो में 5 विकेट खोकर 384 रन बनाकर यह मैच 5 विकेट से शानदार तरिके से जीत गई । निखिल मिश्रा ने 18 चौके व 4 छक्के की मदद से 100 रन, यश दुबे ने 94 रन एवं पीयूष तिवारी ने 54 रनों का योगदान दिया।

15 दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। तिलक नगर स्कूल में 15 दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। सेल्फ डिफेंस एक्सपर्ट मास्टर सईद आलम ने छात्राओं को आधुनिक प्रशिक्षण उपकरणों एवं विशेष ट्रेनिंग डमी की सहायता से आत्मरक्षा की विभिन्न तकनीकों का अभ्यास करवाया। प्रशिक्षण में भाग लेने वाली डॉ. दिव्या चौधरी ने इस प्रशिक्षण के अच्छे अनुभव साझा किए।

आलइंडिया आइपीएससी क्रिकेट स्पर्धा कल से

इन्दौर । स्थानीय एमरल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल में 18 से 23 नवम्बर तक क्रिकेट का रोमांच देखने को मिलेगा। प्रतिष्ठित आइपीएससी क्रिकेट टूर्नामेंट एमरल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल की मेजबानी में 18 से 23 नवम्बर तक खेला जाएगा। इस स्पर्धा में हिस्सा लेने देशभर के खिलाड़ी इंदौर आएंगे। स्पर्धा बालक वर्ग के 17 आयु वर्ग में आयोजित होगी।

स्कूल के प्राचार्य सिद्धार्थ सिंह ने बताया कि स्पर्धा का औपचारिक शुभारंभ बुधवार को सुबह के सत्र में स्कूल के अध्यक्ष मुक्तेश सिंह के आतिथ्य में होगा। इस दौरान देशभर के सभी स्कूलों के खिलाड़ी और प्रशिक्षक मौजूद रहेंगे। इंदौर का खेलों की मेजबानी में देशभर में नाम है। इंदौर में उपलब्ध सुविधाओं को देखते हुए यहां आने वाले खिलाड़ी अच्छे अनुभव लेकर लौटते हैं। इस बार भी हमारा प्रयास होगा कि खिलाड़ी खेल के साथ अच्छी यादें लेकर यहां से जाएं।

रूद्र नायर क्रिकेट एकेडमी की विशाल जीत

इन्दौर। आईडीसीए द्वारा आयोजित अंडर-18 एक दिवसीय क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत रूद्र नायर क्रिकेट एकेडमी एवं एसएलएफ के मध्य मैच खेला गया जिसमें एसएलएफ ने पहले खेलते हूए 22 ओवरो में सभी विकेट खोकर 100 रन बनाए । शाहनवाज पटेल ने 4 विकेट एवं वंशदीप भाटिया ने 3 विकेट लिए । जवाब में रूद्र नायर क्रिकेट एकेडमी ने 8 ओवरो में बिना किसी नुकसान के 103 रन बनकार यह मैच 10 विकेट से जीत लिया । दक्ष दुबे ने आक्रमाक नाबाद 67 रन 4 चौके व 7 छक्के तथा कार्तिक महाजन ने नाबाद 35 रन बनाए।



फिडे रैपिड रेटिंग शतरंज टूर्नामेंट का आयोजन

इंदौर। ऑल इंदौर चेस एसोसिएशन एवं संजय अजीत कासलीवाल मेमोरियल चेस अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित डॉ. अजीत कासलीवाल मेमोरियल ऑल इंडिया ओपन फिडे रैपिड रेटिंग शतरंज टूर्नामेंट 2026 का आयोजन इंदौर पब्लिक स्कूल, मैन कैम्पस राजेंद्र नगर, इंदौर में किया गया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए नौ राउंड तक रोमांचक मुकाबले खेले। पुरस्कार वितरण समारोह आर्किटेक्ट अचल चौधरी , घनश्याम ठाकुर ,डॉ अनुपमा जैन, इंटरनेशनल मास्टर अक्षत खम्परिया व डॉक्टर सुनील सोमानी के आतिथ्य में हुआ इस अवसर पर अनिल फतेहचंदानी एवं अपूर्व जैन उपस्थित है कार्यक्रम का संचालन शैलेंद्र पाबले व आभार पीयूष जमींदार ने किया।

पांचवीं आमंत्रण अंतरविद्यालयीन बैडमिंटन प्रतियोगिता कल से

इंदौर । न्यू दिगम्बर पब्लिक स्कूल द्वारा पांचवीं आमंत्रण अंतरविद्यालयीन बैडमिंटन टीम एवं व्यक्तिगत चैंपियनशिप 2026-27 का आयोजन 18 से 21 नवंबर तक किया जाएगा। चार दिवसीय इस प्रतियोगिता में इंदौर के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता के टीम वर्ग में अंडर-11, अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 आयु वर्ग के मुकाबले होंगे। वहीं, व्यक्तिगत स्पर्धाओं में बालक एवं बालिका वर्ग के अंडर-9, अंडर-11, अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 आयु वर्ग के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

इंदौर संभाग बना ओवरआल चैंपियन

इंदौर। राज्य स्तरीय शालेय जिम्नास्टिक एवं बेसबाल प्रतियोगिता का समापन संयुक्त संचालक लोक शिक्षण इंदौर संभाग अनीता चौहान की अध्यक्षता में, महेश जोशी (मोनी), राघवेंद्र सिंह होल्कर, अभय राहुल, पालक शर्मा एवं मुस्कान शर्मा के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

लोक शिक्षण भोपाल एवं संयुक्त संचालक लोक शिक्षण इंदौर संभाग अनीता चौहान के मार्गदर्शन में इंदौर के चिमनबाग खेल मैदान पर 12 से 16 नवंबर तक आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में प्रदेश के लगभग 10 संभागों के 800 खिलाड़ी एवं ऑफिसियल्स ने



भाग लिया। जिम्नास्टिक प्रतियोगिता तथा बेसबाल प्रतियोगिता में इंदौर संभाग ने ओवरआल चैंपियन का ख़िताब अपने नाम किया।

अतिथियों का स्वागत सहायक संचालक खेल इंदौर संभाग हेमंत वर्मा ने दिया। संचालन प्रख्यात मंच संचालक सुनयना शर्मा ने किया। वहीं आभार वरिष्ठ पीटीआई अनिल गौड़ ने माना। इस अवसर पर प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी घनश्याम करोले, विक्रांत आखरे, रजत रोज़, प्रकाश गौड़, के आर वर्मा, हेमंत पंवार, महेन्द्र मेहराल, झम्मन सिंह चौहान, अनिल गुप्ता, संतोष चौधरी, पारीतोष गुप्ता, भारती ज़मदड, अनीता भारती, मीना शेंडके, मीना डागोर, ललित पारीक सहित समस्त खिलाड़ी एवं ऑफिसियल्स उपस्थित थे।

अस्पताल की पर्ची बनवाने के बहाने उड़ाए 7.7 लाख

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

चंदननगर पुलिस को फरियादी मो. शाहिद ने शिकायत दर्ज करवाई कि 7 नवम्बर को वाट्सएप पर अज्ञात नम्बर से कॉल आया और अज्ञात व्यक्ति ने अस्पताल की पर्ची बनवाने के बहाने पिन जनरेट करवाया और 10 रु. ट्रांसफर कराए, जिसके बाद 11 नवम्बर को फरियादी का मोबाइल कुछ देर के लिए बंद हो गया और जब मोबाइल चालू हुआ तो फरियादी को पता चला कि उनके एक्सीस बैंक के खाते से यूपीआई के माध्यम से कुल 7 लाख 69 हजार 772 रुपये निकाल लिए गए। चंदननगर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है।

वाइन शॉप के कर्मचारी ने गल्ले से निकाल लिए रुपये

बर्तन दुकान से पीतल के बर्तन ले गए चोर

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। भंवरकुआं थाना क्षेत्र के पिपलियापाला स्थित प्रतिक्षा वाइन शॉप के मैनेजर ने पुलिस को दुकान पर काम करने वाले कर्मचारी की शिकायत की है। पुलिस को फरियादी राज पिता अशोक जायसवाल ने शिकायत दर्ज करवाई कि वह वाइन शॉप पर मैनेजर है, जब वह दुकान से शराब बिक्री का हिसाब मिला रहे थे तब फरियादी ने पाया कि कुछ नकदी कम है, जिसके बाद कैमरे चैक किए तो दुकान पर काम करने वाला शुभम पिता शंकरलाल जायसवाल निवासी सोमनाथ की चाल गल्ले में से रुपये निकालते नजर आया, जिसके बाद फरियादी ने पूछताछ की तो शुभम ने बताया कि उसने 25 हजार रु. निकाले हैं। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर मामले की जांच शुरू की है। वहीं छत्रीपुरा पुलिस को जीएनटी मार्केट स्थित वर्ल्ड क्लास होटल वेयर के संचालक मनीष सदावना ने शिकायत दर्ज करवाई कि दुकान से आधी रात में अज्ञात लड़कों ने पीतल के बर्तन चुरा लिए। सीसीटीवी कैमरे में दुकान के ऊपर से युवक अन्दर घुसते हुए नजर आ रहे हैं। करीब 25 हजार रु. कीमत के बर्तन चोर ले गए। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

सोशल मीडिया दोस्त ने धमकाकर किया बलात्कार

महिला और युवती के साथ शादी का झांसा देकर किया गलत काम

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

तिलक नगर क्षेत्र में रहने वाली 18 वर्षीय युवती को सोशल मीडिया पर मिले एक युवक से दोस्ती करना भारी पड़ गया। पीड़िता ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई कि विकास पिता संतोष मिश्रा निवासी आशीष नगर से सोशल मीडिया के माध्यम से दोस्ती हुई, जिसके बाद पीड़ित को धमकाकर युवक ने दुष्कर्म किया और फिर फोटो व वाडियो वायरल करने की धमकी देकर कई बार गलत काम किए। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी की तलाश शुरू की। इधर महिला थाना पुलिस को 45 वर्षीय पीड़िता ने शिकायत दर्ज करवाई कि उनके पूर्व पति से तलाक हो गया, जिसके बाद गोपाल राव सोनेने निवासी सुन्दर नगर एक्सटेंशन ने शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए। आरोपी शादी करने से मुकर गया और पीड़िता के साथ मारपीट की। वहीं 22 वर्षीय पीड़िता ने भी पुलिस को शादी का झांसा देकर गलत काम करने की शिकायत की है। पीड़िता ने संदीप पिता राजाराम जिनवाल निवासी पंचम की फेल के खिलाफ झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने की शिकायत की है।

कार को पीछे से मारी टक्कर, फिर पीटा





वीडियो बना रही महिला से अभद्रता का आरोप, राहगीर को बीचबचाव करना महंगा पड़ा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

मल्हारगंज थाना क्षेत्र के 15वीं बटालियन मेन गेट के सामने कार चालकों के बीच मामूली विवाद ने बड़ा रूप ले लिया। अर्टिका सवार युवकों ने सिंग्नल पर खड़ी कार को टक्कर मारी और फिर कार चालक के साथ मारपीट भी की। महिला के साथ अभद्रता का आरोप भी लगाया गया। वहीं बीचबचाव करने गए राहगिरों से भी मारपीट की गई।

मल्हारगंज पुलिस को फरियादी आयुष पिता अजय गंगराडे निवासी शेखर पार्क ने शिकायत दर्ज करवाई कि वह बटालियन मेन गेट पर बने ट्रैफिक सिंग्नल पर रूके थे तभी पीछे से अर्टिका क्रमांक एमपी 09 बीटी 0772 का चालक लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए लाया और फरियादी की कार को टक्कर मार दी, जिसके बाद फरियादी ने जब विरोध किया और कहा कि नुकसान की भरपाई करो तो अर्टिका चालक और उसके साथियों ने फरियादी के साथ मारपीट की। एक राहगीर ने जब बीचबचाव किया तो अर्टिका में संवार युवकों ने उन्हें भी नहीं छोड़ा। इधर आयुष की पत्नी जब वीडियो बना रही थी तो उनके साथ भी अनुचित व्यवहार युवकों ने किया। मौके पर मल्हरगंज पुलिस भी पहुंची और दोनों पक्षों को समझाइश दी, लेकिन जब बात नहीं बनी तो फरियादी ने शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने कार क्रमांक के आधार पर बदमाशों की तलाश शुरू की। इधर राऊ पुलिस को फरियादी शशांक पिता गणेश यादव निवासी सिलीकॉन सिटी ने शिकायत दर्ज करवाई कि कार क्रमांक एमपी 09 झेडडी 4517 के चालक और उसके साथियों ने राम मंदिर के सामने अपशब्द कहते हुए मारपीट की। फरियादी ने पुलिस को बताया कि बदमाशों ने कार के कांच भी फोड़ दिए और जान से मारने की धमकी भी दी।

कालोनी के गार्ड और अन्य ने पीटा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। एरोड्रम पुलिस को हाईलिंक सिटी में रहने वाले हरि सिंह पिता कडोरीलाल चौधरी ने शिकायत दर्ज करवाई कि कालोनी के गार्ड और कालोनी के दो अन्य रहवासियों ने उनके साथ मेन गेट पर मारपीट की। पुलिस ने फरियादी की शिकायत के बाद मामले की जांच शुरू की।

तस्कर से ड्रग्स और आइफोन जब्त

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। लसूड़िया पुलिस ने गणेश नगर निवासी लकी को अवैध ड्रग्स के साथ पकड़ा। पुलिस ने 36 हजार कीमत की 12.07 ग्राम ड्रग जब्त की। वहीं एक आईफोन भी आरोपी के पास से बरामद किया।

दहेज लोभी से परेशान दो महिलाओं ने पुलिस को की शिकायत

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। दहेज प्रथा बंद करने को लेकर समाज द्वारा कई बार जागरूकता अभियान चलाए गए, लेकिन कई लोगों का लोभ खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। राऊ पुलिस को फरियादिया लक्ष्मी हतागले निवासी ओमेक्स सिटी ने शिकायत दर्ज करवाई कि पति मनोज, ससुराल पक्ष के कमला, महेन्द्र, वंदना, उमा और प्रवेश तिवारी द्वारा देहज की मांग कर प्रताड़ित किया गया। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसके साथ मारपीट भी की गई। इधर महिला पुलिस थाना में पायल निवासी क्लर्क कालोनी ने भी दहेज प्रताड़ना की शिकायत दर्ज करवाई है। पति मुकेश और ससुराल पक्ष के सुनीता, स्वाति, रमेश ने दहेज के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से परेशान किया। फरियादिया नाजनी निवासी हिना पैलेस ने भी उ.प्र. के राय बरेली निवासी यासीन, युसूफ और मो. रजा के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला महिला थाना पुलिस को दर्ज कराया है। पुलिस तीनों ही मामलों में जांच कर रही है।

ऑटोडील संचालक ने कार बेचकर नहीं लौटाई राशि

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। लसूड़िया पुलिस को बसंत विहार कालोनी स्थित एसएस मोटर्स द्वारा कई लोगों के साथ धोखाधड़ी करने की शिकायत मिली है। पुलिस को फरियादी विकास पिता कैलाश कश्यप निवासी भागीरथपुरा ने शिकायत दर्ज करवाई कि ऑटो डिल संचालक अभिषेक उर्फ शानू राजगुरु ने अरुण पिपलोदे की इको कार 4 लाख 25 हजार रु. खरीदी और 25 हजार रु. बतौर टोकन दिए, जिसके बाद शेष 4 लाख की राशि नहीं दी। इसके अलावा फरियादी के डेढ़ लाख, राबि जूनेजा के साढ़े 7 लाख और रोहित शर्मा के 2 लाख 60 हजार रु. भी फरियादी ने नहीं लौटाए। पीड़ितों ने ऑटोडील पर कार बेची थी और अभिषेक ने इन कारों को आगे भी अन्य लोगों को बेच दिया है, लेकिन कार मालिकों को रुपये नहीं लौटाए है। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

निर्माणधीन मकान में रखे तार के बंडल ले गए चोर

सूने मकान से लक्ष्मी-गणेश की चांदी की मूर्ति भी ले गए बदमाश

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। लसूड़िया थाना क्षेत्र के हरेकृष्णा विहार में निर्माणाधीन मकान पर चोरों ने धावा बोल दिया। पुलिस को ठेकेदार सतीश पिता बद्रीलाल बागोरिया ने शिकायत दर्ज करवाई कि वह कालोनी में प्रियंका पटेल के मकान का काम कर रहे हैं। निर्माणाधीन मकान में कॉपर के 11 बक्से रखे थे। वहीं लसूड़िया थाना क्षेत्र में भी चोरी की दूसरी घटना हुई। पुलिस को भृगु तलवार ने शिकायत दर्ज करवाई कि विस्तारा टाउनशिप स्थित उनके घर से अज्ञात चोर चांदी के सिक्के और लक्ष्मीजी एवं गणेशजी की चांदी की मूर्ति के अलावा घर में लगे नल चुराकर ले गया। तिलक नगर पुलिस को फरियादी राकेश जैन ने शिकायत दर्ज करवाई कि अज्ञात चोर उनके श्री मंगल नगर स्थित घर का ताला तोड़कर घर में लगे नल और अन्य सामान ले गया। पलासिया थाना क्षेत्र के मन भावन नगर में रहने वाले सिद्धांश पिता प्रमोद जैन ने भी पुलिस को चोरी की शिकायत दर्ज करवाई है, फरियादी ने पुलिस को बताया कि घर की अलमारी में रखे जेवरात अज्ञात चोर ले गया। महू पुलिस को मेजर प्रणव दिलीप पोद्दार ने शिकायत दर्ज करवाई कि उनके घर से चोर जेवरात अलमारी से चुराकर ले गए। पुलिस ने सभी मामलों में फरियादियों की शिकायत पर मामले की जांच शुरू की है।

सम्पादक : महेश मूंगड़ा। स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक महेश मूंगड़ा द्वारा मूंगड़ा पब्लिकेशन, 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। RNI NO. MPHIN/2005/15582 फोन : 98273-69587 ई-मेल : cityblastindore@gmail.com